MPHIN/2021/83938

दैनिक
पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 29 | ग्वालियर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

मिशन शक्ति 5.0

योगी सरकार की अनूठी पहल

लखनऊ,(एजेंसी)। मिशन शक्ति 5.0 के तहत परिषदीय व केजीबीवी की बेटियों को अनूठा अवसर दिया जाएगा। इन छात्राओं को ब्लॉक, तहसील, जिला और मंडल स्तर पर एक दिन का अधिकारी बनाया जाएगा। योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए योगी सरकार की ओर से की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक जिले से 100 और कुल 7500 बेटियों को एक दिन का अधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसकी योजना तैयार कर ली गई है। बनेंगी डीएम, सीडीओ, बीएसए प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी। कासगंज की टॉपर भूमिका और संभल की शालू पहले ही इस योजना के तहत एक दिन की जिलाधिकारी बन चुकी हैं, जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लीडरशिप का भाव होगा जाग्रत उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में उन बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अपनी निपुणता के लिए जानी जाती हैं और जिनमें लीडरशिप के गुण निखर कर सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी जाति, वर्ग और श्रेणियों की बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सरकार ने 11 राज्यों के लिए प्रति हेक्टेयर 1,000 किलो कपास उपज का लक्ष्य निर्धारित किया-गिरिराज

नयी दिल्ली । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने 11 शीर्ष कपास उत्पादक राज्यों में प्रति हेक्टेयर 1,000 किलोग्राम कपास उपज का लक्ष्य निर्धारित किया है क्योंकि इसका उद्देश्य महाराष्ट्र के अकोला में अपनाए गए सबसे अच्छे खेती के तौर–तरीकों को दोहराना है। कपास उत्पादन का अकोला मॉडल, जिसे उच्च घनत्व रोपण (एचडीपीएस) मॉडल के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी तकनीक है जिसमें कम जगह में अधिक कपास के पौधे लगाए जाते हैं।

कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए अकोला में इस मॉडल का इस्तेमाल किया जा रहा है और उम्मीद है कि पूरे देश में इसकी नकल की जाएगी। मौजूदा समय में भारत की उपज लगभग 450 किलो प्रति हेक्टेयर है जो चीन, आस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे प्रतिस्पर्धी देशों से काफी कम है। गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और ओडिशा भारत के शीर्ष कपास उत्पादक राज्यों में से हैं। सिंह ने कहा, ''हमने महाराष्ट्र के अकोला में अपनाये गये बेहतर तौर–तरीकों के आधार पर कपास उत्पादन के लिए एक मॉडल तय किया है और उसे विकसित किया है। यह सच है कि दुनियाभर में जापान, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, चीन में 2,000–2,200 किलोग्राम कपास पैदावार होती है, जिसमें से 35 प्रतिशत कपास का उत्पादन होता है, जबकि हमारा उत्पादन 450–500 किलोग्राम ही है।''

अति आत्मविश्वास ठीक नहीं, हरियाणा में कांग्रेस की हार पर केजरीवाल ने कसा तंज

नई दिल्ली। हरियाणा में शुरुआती रुझानों में भाजपा की बढ़त और कांग्रेस की हार पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी ष्अति आत्मविश्वासीष नहीं होना चाहिए। भाजपा हरियाणा में आसान जीत की ओर बढ़ रही है। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों में से 50 सीटों पर आगे चल रही है। कई सीटों पर नतीजे भी आ गए हैं। अरविंद केजरीवाल का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब हरियाणा में भाजपा स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाती दिखाई दे रही है। केजरीवाल ने आप नगर निगम पार्षदों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देखते हैं हरियाणा में परिणाम क्या आते हैं। इसका सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी अधिक आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए। किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट पर चुनाव जीतना कठिन होता है। हरियाणा में कांग्रेस के साथ चुनाव से पहले गठबंधन करने में आप नाकाम रही थी, क्योंकि सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों में मतभेद था। कांग्रेस की ओर से नौ सीटें दिए जाने की मांग ठुकराने के बाद आप ने हरियाणा की कुल 90 सीटों में से 89 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा। आप उम्मीदवार लगभग सभी सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे हैं। केजरीवाल ने इससे पहले हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि आप के समर्थन के बिना राज्य में कोई सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने पार्टी पार्षदों से अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कड़ी मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आपकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हम चुनाव जीतेंगे, बशर्ते आप सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्रों से कूड़े का उचित संग्रह और निपटान हो, जो कि एक बहुत ही बुनियादी बात है।

कांग्रेस–एनसीपी की तरफ से घोषित सीएम प्रत्याशी का समर्थन करेगी शिवसेना, उद्धव ठाकरे का एलान

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा है कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे/यूबीटी) कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार /एसपी) की तरफ से सीएम के रूप में घोषित किए जाने वाले किसी भी चेहरे का समर्थन करेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा कि सरकार विज्ञापनों की मदद से महाराष्ट्र में फर्जी और गलत खबरें प्रसारित करा रही है। बता दें कि इसी साल के अंत में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग की टीम प्रदेश का दौरा कर सभी घटकों से उनकी राय ले चुकी है। विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले यानी दिसंबर महीने से पहले ही चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई जानी है। ऐसे में राज्य की सियासी सरगर्मियां काफी तेज हैं। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम उद्धव ने कहा कि अगले महीने संभावित विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महाराष्ट्र सरकार विज्ञापनों के माध्यम से राज्य में फर्जी कहानियां गढ़ रही है। उन्होंने सरकार पर विश्वासघात करने के लिए मजबूर करने का आरोप भी लगाया। उद्धव ने कहा, महायुति सरकार सरकार लड़की बहन योजना के माध्यम से जनता को उनका ही पैसा देकर महाराष्ट्र धर्म से विश्वासघात करने पर मजबूर कर रही है। सरकार पर कटाक्ष करते हुए ठाकरे ने कहा, इस योजना के तहत राज्य में पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये दिए जाते हैं।

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी (MVA) सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के दो–फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 18 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है। इसके अलावा विपक्षी खेमे (महाविकास अघाड़ी– MVA) में कुल 71 विधायक हैं। विपक्ष में कांग्रेस 37 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के 16 विधायक हैं। वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP-SP) के 12 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के दो, सीपीआईएम और पीडब्लूपीआई के एक–एक विधायक हैं। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के दो विधायक भी विपक्षी खेमे में हैं। 15 विधानसभा सीटें खाली हैं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा महाराष्ट्र है। 2019 में हुए पिछले आम चुनावों के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी मुख्यमंत्री बदलने की नौबत आई।ऐसे में अब दोनों राज्यों के राजनीतिक चौसर पर तमाम जनप्रतिनिधियों की अग्निपरीक्षा होगी।

हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकारा

खट्टर बोले- हमने पहलवानों, किसानों और युवाओं के लिए किया काम

हरियाणा विधानसभा चुनाव ने राजनीतिक पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए एक आश्चर्यजनक परिणाम दिया है। रुझानों के अनुसार, सत्तारूढ़ भाजपा को 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा में लगभग 5व सीटें जीतने की संभावना है। भाजपा ने इसको लेकर जश्न मनाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय मंत्री और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर का भी बयान सामने आया है। मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुद्दा (चुनाव का) यह था कि हमने हरियाणा के पहलवानों, किसानों, युवाओं के लिए जो काम किया है, वह कांग्रेस कभी नहीं कर सकती। खट्टर ने आगे कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि इस जीत का श्रेय हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं और राज्य के लोगों को जाता है। हमारे सीएम ने पहले ही कहा था श्एक दिन आएगा जब जनता देगी जवाब और कांग्रेस एक ही बात कहेगी कि ईवीएम खराब है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकार दिया है। जनता ने यह संदेश दिया है कि पीएम मोदी की नीतियों का राज्य की जनता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हरियाणा में यह रिकॉर्ड है कि कोई पार्टी तीसरी बार सत्ता में आई है।



नायब सिंह सैनी ने अपने बयान में कहा कि मैं लाडवा की जनता और हरियाणा की 2.80 करोड़ आबादी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। हरियाणा की जनता ने पीएम मोदी की नीतियों पर मुहर लगा दी है। सैनी ने कहा कि मैं प्रमाणपत्र लेने जाऊंगा और फिर ज्योतिसर मंदिर में भगवान कृष्ण की पूजा करूंगा। हरियाणा की 2.80 करोड़ जनता ने इस सरकार को चुना है और हम पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कह दिया है कि एक मोदी सब पर भारी हैं। उन्होंने कहा कि हम श्एक मोदी सब पर भारीश के नतीजे देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) सबक सिखा दिया है।श उन्हें राहुल गांधी के बयानों पर नहीं बल्कि पीएम मोदी पर भरोसा है। सभी किसान और पहलवान हमारे साथ हैं। भाजपा नेता ने कहा कि हमने जम्मू–कश्मीर में भी कांग्रेस पार्टी को हराया है। वे भाजपा के सामने कहीं नहीं टिकते। उन्होंने (राहुल गांधी) फारूक अब्दुल्ला का समर्थन किया। बवानी खेड़ा विधानसभा सीट से बीजेपी के प्रमुख उम्मीदवार कपूर सिंह ने कहा कि मैं जीत गया हूं क्योंकि लोगों ने मुझे अपना समर्थन दिया है। लोगों ने साबित कर दिया है कि जो काम करता है वह कभी नहीं हारता। उन्होंने कहा कि मैं लोगों के बीच रहा हूं...लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी जनता ने केंद्र में तीसरी बार, हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है।

'भारत के संविधान में ताकत है

मुम्बई,(एजेंसी)। फडणवीस ने कहा कि ये हमने दिखा दिया.. जो लोग कहते थे कि धारा 370 हटाएंगे तो खून कि नदियां बहेंगी। खून की नदियां तो छोड़िए लोगों ने संवैधानिक प्रक्रिया में सहयोग दिया और सहभागिता दिखाई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि किस प्रकार से वहां(जम्मू–कश्मीर) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो रहा है और इस प्रकार से पाकिस्तान का अधिप्रचार वहां से खत्म हो गया। भारत में ताकत है, भारत के संविधान में ताकत है और भारत के चुनाव आयोग में ताकत है कि हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवा सकते हैं। ये हमने दिखा दिया... जो लोग कहते थे कि धारा 370 हटाएंगे तो खून कि नदियां बहेंगी। खून की नदियां तो छोड़िए लोगों ने संवैधानिक प्रक्रिया में सहयोग दिया और सहभागिता दिखाई। जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस–कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना ली है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 28 सीट पर आगे है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा की झोली में अब तक दो – दो सीट आई है।

पिनराई विजयन ने केंद्र से वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए सहायता में तेजी लाने का आग्रह किया

तिरुवनंतपुरम । केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य विधानसभा को बताया कि वायनाड जिले के चूरलमाला और मुंडक्कई में हुए विनाशकारी भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए मांगी गई सहायता राशि केंद्र सरकार ने अब तक प्रदान नहीं की है। राज्य के वायनाड जिले में 30 जुलाई को विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। विजयन ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से यथाशीघ्र विशेष वित्तीय सहायता जारी करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया है। नियम 300 के तहत जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष में अतिरिक्त सहायता के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी आगे की सहायता के लिए सीधी अपील की गई है। उन्होंने उल्लेख किया कि विभिन्न क्षेत्रों में अनुमानित नुकसान 1,200 करोड़ रुपये से अधिक है और इन अनुमानों के आधार पर अतिरिक्त सहायता के लिए केंद्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। विजयन ने कहा, ''विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन आपदा राहत के तहत आवश्यक विशेष वित्तीय सहायता राज्य को अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए, तीन अक्टूबर को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार से यथाशीघ्र विशेष वित्तीय सहायता जारी करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''भूस्खलन से मलबा पुन्नापुझा नदी के माध्यम से आठ किलोमीटर की दूरी तक बह गया। पर्वतीय क्षेत्रों में खड़ी ढलान ने भूस्खलन के कारण मलबे के प्रवाह की तीव्रता को बढ़ा दिया। अनुमान है कि मलबा 100.8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ा।'' उन्होंने बताया कि पुन्नापुझा नदी की चौड़ाई मूल रूप से 20 से 40 मीटर के बीच थी, लेकिन भूस्खलन के कारण यह बढ़कर 200 से 300 मीटर तक हो गई और पुंचिरिमट्टम, मुंडक्कई, चूरलमाला और अट्टामला के इलाके तबाह हो गए। विजयन ने कहा कि मलप्पुरम में आपदा क्षेत्र और चालियार नदी से कुल 231 शव और 222 मानव अंग बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इस त्रासदी में 17 परिवारों के 58 लोगों की जान चली गई।

कोचिंग सेंटरों पर भ्रमण कर लहार पुलिस रख रही नजर

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। लहार कोचिंग सेंटरो के बाहर लड़के - लड़कियों के अनावश्यक रूप से खड़े रहने,क्लास छूटने के समय आवारा तत्वों के इकट्ठा होने पर थाना लहार पुलिस द्वारा निरंतर भृमण कर नजर रखी जा रही है।पूर्व में थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा द्वारा सभी कोचिंग सेंटरो पर जाकर शिक्षक और छात्र - छात्राओं से संवाद किया जा चुका है । टीआई श्री शर्मा द्वारा कोचिंग संचालकों को छात्र - छात्राओं के वाहन व्यवस्थित खड़ा कराने,सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया है ।श्री शर्मा ने बताया कि स्कूलों और कोचिंग संस्थानों पर पुलिस टीम द्वारा निरंतर भृमण कर निगरानी रखी जा रही है,उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।

अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 14 अक्टूबर को

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिण्ड में 14 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। प्राचार्य शासकीय आईटीआई भिण्ड ने बताया कि अप्रेन्टिसशिप मेले में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भिण्ड,गोदरेज मालनपुर (केवल महिलाओं के लिए),महिन्द्रा स्टील फूपल,इन्वर्ट सुगर मालनपुर, सूर्या रोशिनी मालनपुर,स्टेरलिंग एग्रो इंडस्ट्रीस लिमिटेड मालनपुर एवं पुज लॉइड मालनपुर की कंपनी भाग लेंगी। टीआई उत्तीर्ण, फिटर,मसीनिस्ट,स्टेनोग्राफर, इलेक्ट्रीशियम,इलैक्ट्रोनिक्स और इंस्ट्रूमेंट पुरूष एवं महिला आयु 18 से 25 वर्ष तक अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है। उन्होंने कहा कि यदि आप मेले में भाग लेना चाहते है तो आयोजन के दिन उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित 14 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती अप्रेन्टिसशिप नियमो एवं कंपनियों के शर्तो अनुसार की जाएगी। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मे

भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय की सास का निधन,शिवपुरी में आज होगा अंतिम संस्कार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भिण्ड - दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय की सास एवं सुमन राय की माताजी का निधन शिवपुरी में हो गया है । पार्टी नेताओं ने सांसद श्रीमती राय की सास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार जनों को ढांढस बंधाया और ईश्वर से आत्मा शांति की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी,मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला,विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, विधायक अमरीश शर्मा गुड्डू, पूर्व सांसद डॉक्टर भागीरथ प्रसाद,पूर्व सांसद अशोक अर्गल,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया,पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, पूर्व मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया,पूर्व मंत्री ओपीएस भादौरिया,पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद मध्य प्रदेश पथ पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ,पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कांकर,पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा,राजेंद्र शर्मा राजे,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे,मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया,पूर्व विधायक रणवीर जाटव,प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अशोक चौधरी,प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रोमेश महंत,जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा आदि प्रमुख है।

गुजरात व राजस्थान आने जाने वाली ट्रेनों का ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

वसई ब्बहुजन विकास आघाड़ी के लोक नेता व विधायक हितेंद ठाकुर साहब को राजस्थानी छत्तीस कोम प्रवासी संस्था पालघर जिला कि कार्यकारणी ने गुजरात व राजस्थान आने जाने वाली गाड़ियों का विरार या वसई में ठहराव के लिए ज्ञापन सौंपा गया विधायक हितेंद्र ठाकुर ने कहा है आपकी मांग को बहुत जल्दी पूरा किया जायेगा। राजस्थानी छत्तीस कोम प्रवासी संस्था पालघर जिले के अध्यक्ष ने ये बताया कि सभी जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सोपा जाएगा। एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री महाराष्ट्र, रेल्वे मंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली, सांसद हेमंत विष्णु सावरा पालघर, सांसद प्रेमप्रकाश चौधरी पाली, सांसद मंहिमा कुमारी राजसमंद, विधायक क्षितिज हितेंद्र ठाकुर नालापोरारा, जनरल मैनेजर पश्चिम रेल्वे को भी ज्ञापन सौप कर मांग करेंगे राजस्थानी छत्तीस कोम प्रवासी संस्था पालघर जिले के अध्यक्ष जयेश भायल ने बताया कि यदि रेल्वे बोर्ड राजस्थान गुजरात आने जाने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव वसई विरार स्टेशन पर करता है तो इसका वसई विरार में रहने वाले हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

रायपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आई हुई है

रायपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आई हुई है. हर पांच किलोमीटर की दूरी पर एक झोलाछाप डॉक्टर तामझाम के साथ क्लीनिक संचालित कर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. ऐसे कई मामले पूर्व में सामने आ चुके है. इतना ही नहीं ग्रामीणों व जागरूक जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने से अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं.स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के संरक्षण में झोलाछाप डॉक्टर कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहे हैं. क्लीनिक खोल डॉक्टर बनकर गंभीर बीमारियों का इलाज करने लगे है, जबकि इनके पास न तो संबंधित योग्यता है और न ही उपचार संबंधी लाइसेंस है. इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के कारण उस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है.बावजूद इसके जिला रायपुर के ब्लॉक आरंग के ग्राम अमोहदी मे ओमप्रकाश सोनवानी नाम का डॉक्टर जो एलोपैथिक पद्धति से इलाज कर मरीजों के लिए आफत बन गया है एवं अवैध रूप से क्लिनिक संचालन कर मरीजों से मनमानी राशि वसूल रहे हैं न तो इसके पास क्लीनिक चलाने के संबंध में न कोई डिग्री है न कोई डिप्लोमा है, और न ही स्वास्थ विभाग से इलाज संबंधी कोई दस्तावेज है ,उसके बावजूद भी खुले आम अवैद्य क्लीनिक संचालन कर मरीजों को मौत के मूंह में धकेल रहे है बाजूवद इसके स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिक संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है

बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे डेड़ दर्जन मैरिज गार्डनों को एक बार फिर से नोटिस जारी

मैरिज गार्डनों की नियमावली ताक पर रखकर चल रहे मैरिज गार्डन

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

लहार-लहार नगरपालिका मुख्य अधिकारी द्वारा लहार नगर के लगभग डेड़ दर्जन मैरिज गार्डन,मांगलिक भवन व लॉजों को नोटिस जारी किए गए है।नगर पालिका सीमा में चल रहे मैरिज गार्डनों का पंजीयन नही कराया जा रहा है।निकाय द्वारा पहले भी कई बार नोटिस दिए जा चुके है लेकिन गार्डन संचालको द्वारा पंजीयन न कराते हुए निकाय को आर्थिक छति तो पहुंचाई ही जा रही है साथ मे नियम विरुद्ध गार्डन संचालित किए जा रहे है।अनेकों गार्डनों के पास भवन निर्माण की स्वीकृति नही है।अग्निशमन यंत्रों को भी नही लगाया गया है और ना ही अग्निशमन विभाग से एनओसी ली गई है।अनेकों गार्डनों में आने जाने के लिये एक ही रास्ता है जो नियम विरूद्ध है।गार्डनों तक आने जाने बाले रास्ते की चौड़ाई 12 मीटर होना चाहिये लेकिन इस मानक पर भो कई गार्डन खरे नही उतरते हैं।लहार नगर पालिका द्वारा नियमावली के अनुसार जानकारी मांगी गई है,अनेकों गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था का अभाव है।गार्डन का 25 फीसदी हिस्सा पार्किंग के लिये होना चाहिये लेकिन गार्डन संचालको पर पार्किंग न होने के कारण सड़को और रिहायसी इलाको में गाड़ियां खड़ी होती है।जिससे नगर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है,नगर पालिका सीएमओ रमाशंकर शर्मा ने बताया कि गार्डन संचालको को पहले भी नोटिस भेजे जा चुके है।एक बार फिर से भेजे गए है अगर संचालको द्वारा जल्दी ही पंजीयन नही कराए गए या नियम विरुद्ध गार्डन चलाए गए तो उन पर कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।।

सीरवी विकास मंडल बदलापुर नड़ई कार्यकारिणी का हुआ गठन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

मुम्बई- सीरवी विकास मंडल बदलापुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बदलापुर आईमाता वडेर में सीरवी समाज जनों की उपस्थिति में पदाधिकारियों के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद पर खेताराम मुलेवा, उपाध्यक्ष भवरलाल सोलंकी, सचिव ढलाराम मुलेवा, सह-सचिव दलाराम होम्बर, कोषाध्यक्ष राजाराम परमार, सह-कोषाध्यक्ष बाबुलाल होम्बर को चुना गया। उसके बाद कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। जिसमें सदस्य नगाराम राठौड़, जीवाराम मुलेवा, विराराम देवड़ा, रूपाराम परमार, रामलाल सातपरा, फुआराम सोलंकी, वेलाराम होम्बर जीवराज परिहार, मोहनलाल लसेटा, बाबुलाल परिहार, मानाराम सोलंकी, ललित राठौड़, रमेश परमार घीसाराम वरपा, चुन्नीलाल गेहलोत को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष खेताराम मुलेवा ने उपस्थित समाजजनों को आश्वस्त किया कि वडेर ट्रस्ट की बड़ी जिमेदारी दी गई है। कोई भेदभाव ना करते हुए में सभी कार्यकारिणी सदस्यों को साथ लेकर समाज हित में हमेशा तत्पर रहुंगा। इस अवसर पर पूर्व कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल मुलेवा ने ट्रस्ट के हिसाब किताब का वाचन कर समाज को अलग कराया। चुने गये नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे

दतिया आज दिनांक 09/10/2024 को फिर आबकारी विभाग की चली धर पकड़

संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा दतिया में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध निम्न कार्यवाही की गई

(1) रानी पत्नी ऋषि कंजर, उम्र 35 वर्ष, निवासी झडिया कंजर डेरा से भांडेर रोड बिडनिया, दतिया पर 24 पाउच हाथभट्टी मदिरा।
2) रानी पत्नी रघुवीर कंजर, उम्र 42 वर्ष, निवासी झडिया कंजर डेरा से हडा पहाड़, दतिया पर 25 पाउच हाथभट्टी मदिरा।
3) कालीचरण पुत्र धनीराम कुशवाह, उम्र 25 वर्ष, निवासी केवलारी से ग्राम केवलारी में 22 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा।
4) समई की पुलिया पर रोड किनारे शासकीय भूमि पर 15 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा

मदिरा को जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिनमें कुल 24.8 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 22 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 6500/- रुपए है।

प्रकृति की सौंदर्य को संजोए रखना,और उसका अनुपम उदाहरण है पोरसा मुक्तिधाम-डिप्टी कलेक्टर सिकरवार

पोरसा । आज पोरसा के दौरे पर आए डिप्टी कलेक्टर मुरैना रामनिवास सिंह सिकरवार ने विश्व में अपनी ख्याति बनाए हुए और अंचल का नाम रोशन करने वाला मुक्तिधाम ,शांति धाम पर पहुंचकर वहां की प्रकृति सौंदर्य को निहारते हुए,उसका अनुभव किया वहीं उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति के इसे सौंदर्य को बनाए रखना और संजोए रखना बहुत ही मानवीय कार्य है और लोगों को यह संदेश देते हुए कहा कि यहां लोगों को विश्वास गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में अपना स्थान बनाए हुए पोरसा का मुक्तिधाम मेंआए और प्रकृति के सौंदर्य को अनुभव करें और इस प्रकार की सराहनीय कार्य की भी प्रशंसा की इस मौके पर डॉक्टर अनिल गुप्ता की पूरी टीम मौजूद रही और उन्होंने मुक्तिधाम का भ्रमण कर वहां की खूबियों से सिकरवार साहब को अवगत कराया।

फसल का मुआवजा डीएपी खाद का वितरण खराब ट्रांसफार्मर आदि समस्याओं के निराकरण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने गोहद एसडीएम को सोपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष गुर्जर के नेतृत्व में गुरुवार को अतिवर्षा के कारण बर्बाद हुई किसानों की फसल के मुआवजे एवं खाद्य वितरण सहित समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सोपा है। अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे आज तक पूरा नहीं हुआ है। लोगों का अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है।फसलों एवं भवनों को भारी क्षति हुई है। जल्द से जल्द सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाये। खाद्य की किल्लत का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। एन पी के की जगह डी एपी खाद किसानों को दिया जावे। क्षेत्र में फुंकी हुए विद्युत ट्रांसफार्मरों का सर्वे कराकर सही कराई जाये। महाविद्यालय के उपर से निकली हाईटेंसन लाईनों को हटाया जावे। अभी हाल ही में अतिवृष्टि से नवीन अस्पताल की बिल्डिंग में पानी भर गया था। इस जमीन को चिन्हिंत करने वाले अधिकारियों एव कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाये। गोहद में डांग पहाड़ पर माफिया किशनपाल द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उनके द्वारा पहाड़ पर जगह जगह गड्डे किये जा रहे है। 10 साल तक गड्डे किये जाने के बाद खदान रिनूवल कराकर दूसरी जगह गड्डे किये जा रहे है।जिस पर शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। को लेकर गोहद एस.डी.एम. को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद द्वारा ज्ञापन दिया गया है ।जिसमें मुख्य रूप से आशीष गुर्जर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोहद, जगदीश माहौर, लालबहादुर जादौन,मुन्नी भटेले, साबूखान, राधामोहन दिक्षित, रमजानी खान, कैलाश माहौर, सुधीर जादौन,सतीश गुर्जर, महेश कौशल, पिंकी उच्चाडिया, उमाशंकर शर्मा, राजेन्द्र परिहार, कैलाश जाटव, पवन भटनागर एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें हैं।

पीटीएस तिघरा ग्वालियर में दिव्यांगजन से संवेदनशील व्यवहार के संदर्भ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर।पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में आज दिनांक 10/10/24 को पीटीएस तिघरा ग्वालियर में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिव्यांगजन से संवेदनशील व्यवहार के संदर्भ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 नवआरक्षक एवं संस्था में पदस्थ सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेमिनार का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।संस्था प्रमुख श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेमिनार का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

बरा गांव को कॉलोनी के रुप में विकसित किया जाएगा- ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह

ऊर्जा मंत्री ने वार्ड एक में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार को 15 ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 1 के बरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री ने यह कहते हुए सबको आश्चर्य में डाल दिया कि इस कार्य का भूमिपूजन मैं नहीं करुंगा। बाद में उन्होंने अपनी बात पूरी करते हुए स्थिति स्पष्ट की, उन्होंने मंच से कहा कि यह भूमि पूजन में नहीं करूंगा, बल्कि वार्ड के ही पांच बुजुर्ग भूमि पूजन करेंगे और हम सब उनके पीछे रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वार्ड एक के अंतर्गत आने वाले बरा गांव में 51 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का कार्य किया जाना है। मंच पर अपने भाषण के दौरान अपनी धसमस्या लेकर आई एक महिला को उन्होंने यह कहते हुए रोक दिया कि मेरे पैर मत छूना, मैं भगवान नहीं जनसेवक हूं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर में कहा बरा गांव में अस्पताल खोले जाने की बात मैंने कही थी। वह भी पूरी हो गई। यहां के नौजवानों की मांग है कि खेल का मैदान हो, यह काम भी जल्दी पूरा हो जाएगा। लोगों की शिकायत है कि यहां रास्ते में काफी गंदगी और कचरा रहता है। इस समस्या का भी समाधान निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बरा गांव को एक कॉलोनी के रूप में विकसित करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यहां बाई पास पर डामरीकरण भी कराया जाएगा, लेकिन इसके लिए आप लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर गली-मोहल्ले को विकसित करने के संकल्प के प्रति कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट संकेत है कि विकास के लिए योजना और प्राक्कलन बनाकर आप लाएं धन और संसाधनों की व्यवस्था हम करेंगे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 01 के बरा गांव एवं सुभाष नगर जैन कॉलोनी में सुभाष नगर जैन कॉलोनी में रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के उपरांत ग्राम बरा की विभिन्न गलियों में नवीन नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री अतुल सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिंह सिकरवार, कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे, नोडल अधिकारी श्री लल्लन सेंगर, सहायक यंत्री श्री अशोक गुप्ता तथा श्री रामसेवक शाक्य, उपयंत्री श्री जगदीश सेन, भाजपा कोटेश्वर मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग सिंह तोमर, श्री श्याम गौड़, श्री जगत सिंह कौरव, पार्षद श्री शकील मंसूरी, श्री शैलू चौहान तथा श्री मुवीन खान सहित प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विद्युत विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपनी बात
संपादकीय

कांग्रेस को एक सलाह

गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर ध्यान दे।

कांग्रेस के राजधानी स्थित प्रवक्ताओं ने हरियाणा के चुनाव नतीजों को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा की जीत के बाद जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने कहा कि यह हेरफेर के जरिए हासिल की गई जीत है। मगर हरियाणा में पार्टी दो दिग्गज नेताओं- भूपिंदर सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा ने कांग्रेस की हार को स्वीकार किया है। हुड्डा ने कहा है कि "विरोध जताते हुए" वे इसे स्वीकार कर रहे हैं, जबकि शैलजा ने हार का पूरा ठीकरा प्रदेश इकाई के सिर फोड़ा है। उधर कर्नाटक के प्रमुख कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने भी "हरियाणा के जनादेश को स्वीकार" किया है।

इसलिए भ्रम पैदा हुआ है कि हरियाणा के चुनाव परिणाम पर पार्टी की असल राय क्या है? निर्विवाद है कि भारत में चुनाव भले स्वतंत्र हों, लेकिन निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। पैसा, प्रचार तंत्र, और निर्वाचन आयोग जैसी निर्णायक संस्थाओं के एक पार्टी की तरफ पूरे झुकाव ने प्रतिस्पर्धा का समान धरातल नहीं रहने दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक एक एनजीओ ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया कि जिन 240 सीटों पर भाजपा जीती, उनमें से 79 पर अंतर उन वोटों से पड़ा, जिन्हें मतदान के दिन के बाद निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर बताया था। मगर कांग्रेस पार्टी ने ऐसे सवालों को कभी-कभार ही उठाया है। उसने कभी इसे पूरी शिद्दत से नहीं उठाया, ना ही इनको लेकर कभी सुसंगत एवं निरंतर जन अभियान चलाया है।

अभी भी ऐसा नहीं लगता कि इस मुद्दे पर पार्टी के अंदर कोई गंभीर विचार-विमर्श हुआ है या उसका इरादा इसे जनता के बीच ले जाने का है। गंभीर सवाल पर अगंभीर नजरिया अनुचित है। इससे चुनाव प्रणाली की साख पर तो सवाल उठेंगे ही, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव से संबंधित व्यापक प्रश्नों को भी क्षति पहुंचेगी। इसके विपरीत बेहतर होगा कि पार्टी हरियाणा में अपनी रणनीति और संगठन की खामियों पर विचार करे। सोशल मीडिया पर सियासत करने के बजाय जमीनी राजनीति पर ध्यान देना बेहतर होगा। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की बनाई धारणा पर यकीन कर लेने के बजाय धरातल से फीडबैक का अपना सिस्टम बनाना सही नजरिया होगा।

संबंधों को सही दिशा

मोईजू ने उम्मीद जताई थी कि 'भारत मालदीव के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पड़ोसी देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोईजू की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में जारी कड़वाहट को दूर करने में सहायता मिली है। मोईजू ने राष्ट्रपति बनने के बाद एक राजनेता की तरह चुनावी सरगर्मी से विदेश नीति- खासकर भारत संबंधी नीति- को अलग करने की दिशा में ठोस प्रयास किए हैं। भारत सरकार ने भी आरंभ में सख्त रुख दिखाने के बाद अब संबंधों को संभालने को प्राथमिकता दी है। मालदीव छोटा-सा द्वीप है, लेकिन अपने भौगोलिक स्थिति के कारण महत्त्वपूर्ण है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव को मोहम्मद मोईजू ने 'इंडिया आउट' अभियान की पीठ पर सवार होकर जीता था।

भारत यात्रा के दौरान एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने उस अभियान को जन भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन यह भी कहा कि उनकी विदेश नीति उस अभियान के प्रभाव से संचालित नहीं है। भारत सरकार ने भी बीती बातों को भुलाकर मालदीव से संबंधों के मामले में नई शुरुआत करने की जरूरत महसूस की। अनेक छोटे देशों की तरह मालदीव की भी अर्थव्यवस्था आर्थिक संकट से गुजर रही है। इस साल की पहली तिमाही में मालदीव का विदेशी ऋण 3.37 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो उसके जीडीपी के 45 प्रतिशत के बराबर है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी घट गया है।

ऐसे में भारत ने मदद करने का फैसला किया। इस क्रम में भारत ने मुद्राओं की अदला-बदली के समझौते की घोषणा की, जिसके तहत भारत मालदीव को 40 करोड़ डॉलर के अलावा 30 अरब रुपयों की मदद भारत देगा। मोईजू ने इसके लिए भारत का आभार जताया है। गौरतलब है कि भारत आने से पहले मोईजू ने एक विदेशी टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भारत को उनके देश की वित्तीय हालत की पूरी जानकारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'मालदीव के सबसे बड़े विकास साझेदारों में से एक होने के नाते भारत हमेशा हमारे बोझ को कम करने के लिए तैयार रहेगा।' कहा जा सकता है कि भारत ने उनकी उम्मीदें पूरी की हैं। पास-पड़ोस में एक-एक कर देशों के भारत से छिटकने के इस दौर में यह एक स्वागत-योग्य घटनाक्रम है।

ईवीएम पर ही नहीं खुद पर भी सोचे कांग्रेस!



शकील अख्तर

कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटाहै। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुमहो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरहहरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिनकांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही।हरियाणा में क्या हुआ?

हरियाणा में क्या हुआ? कोई नहीं समझ पा रहा। कांग्रेस ईवीएम को दोष देरही है। हो सकता है। ईवीएम हमेशा शक के दायरे में रही। और कांग्रेस हीनहीं खुद भाजपा ने इस पर कई बार ऊंगलियां उठाईं। भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने ' डेमोक्रेसी एट रिस्क! कैन वी ट्रस्ट अवर इलेक्ट्रानिकवोटिंग मशीन? ' पूरी किताब लिख दी थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी नेइसकी भूमिका लिखी थी। किताब में ईवीएम को पूरी तरह बेईमानी का जरियाबताया गया था। आडवानी और दूसरे भाजपा नेताओं ने पूरे देश में घूम घूम करईवीएम का विरोध किया था। यह 2009 के लोकसभा चुनाव के भाजपा की हार के बादकी बात है।

कांग्रेस ने 2018 में इसके खिलाफ अपने राष्ट्रीय अधिवेशन (प्लेनरी) में प्रस्ताव पारित किया। अभी लोकसभा चुनाव के पहले भी सवाल उठाए। मगर इसे एकसबसे बड़ा मुद्दा बनाने का ज्यादा प्रयास कभी नहीं किया। मुद्दा उठाया। छोड़ दिया। अब हरियाणा की अविश्वसनीय हार के बाद फिर सवाल उठाया है।

सही है। उठाना चाहिए। लेकिन कुछ सवाल खुद से भी करना चाहिए। एक, हरियाणाएक ऐसा राज्य था जहां कांग्रेसी बहुत दबंग थे। दस साल के भाजपा शासन मेंभी उनके कोई काम रुकते नहीं थे। कोई गिरफ्तार नहीं हुआ। किसी के यहां ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के बड़े छापे कभी नहीं पड़े। जैसे उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशान रहे वैसे हरियाणा में नहींहुए। तो ऐसे राज्य में अफसर ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की कितनी हिम्मत करसकते हैं? और उस स्थिति में जहां खुद बीजेपी को जीत का यकीन नहीं हो।कांग्रेस जोश में बीजेपी पस्त फिर अफसरों की हिम्मत कैसे पड़ी?

यह हम पहले भी लिख चुके हैं कि करने वाला तो आदमी होता है। और अगर उसे डरहो कि यह सब चीज नोटिस की जा रही है और कल गड़बड़ करने वाले को छोड़ानहीं जाएगा तो वह गलत काम करने से डरेगा। हरियाणा में यह कैसे हुआ इसेकांग्रेस को अपनी भी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समझाना पड़ेगा। चुनावआयोग में तो जाएं। मगर खुद भी वन्स एंड फारएवर इस मुद्दे को हल करनाहोगा।

जब 2018 में दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गयाथा। ईवीएम के खिलाफ तब राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। हमने तब भीलिखा। 2019 कांग्रेस के लोकसभा हारने के बाद भी लिखा कि एक उच्चस्तरीयकमेटी जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ हों, चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त हों,सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हों इन सबकोलेकर बनाना चाहिए। कांग्रेस की अभी इतनी खराब स्थिति नहीं आई है कि उसेलोग नहीं मिलें। ऐसी कमेटी पूरी स्टडी करके रिपोर्ट लेकर आती है तो उसकाअसर होगा। सुप्रीम कोर्ट जाने का भी एक मजबूत आधार होगा। अभी भी बना सकतीहै। हरियाणा एक बड़ा आधार है। इससे माहौल भी बनेगा और एक बड़ा इश्यू सैटलहोने में मदद भी मिलेगी।

लेकिन सिर्फ इस एक मुद्दे पर अड़े रहने से कांग्रेस का कुछ फायदा होनेवाला नहीं है। यह वही मसल होगी कि ... दिल तो बढ़ता है तबीयत तो बहल जातीहै! बीमारी का इलाज नहीं होगा। जब तक बीजेपी सरकार में है ईवीएम हटाने काकोई सवाल ही नहीं। वह हटाने ही नहीं देगी। इसके लिए कांग्रेस को विपक्षको सरकार में आना होगा। इसी ईवीएम के असर को रोककर कम करके। अधिकारियोंपर दबाव बनाकर कि खबरदार कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो! लेकिन अब बसयही है कि कांग्रेस करती नहीं है। हरियाणा जहां उसके नेता, कार्यकर्ताइतने दबंग थे वहां नहीं कर पाए तो दूसरे राज्यों जैसे मान लो गुजरात हीहै जहां कांग्रेसी सबसे ज्यादा कमजोर है वहां क्या कर पाएगी। राहुल नेहरियाणा में भी कहा और हार के बाद बुधवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया मेंभी कहा मेरे बब्बर शेर! तो यह शेर जब हरियाणा में धांधली नहीं रोक पाएतो दूसरी जगह जहां इनका शेरपन कम होगा वहां कैसे रोकेंगे?

राहुल को कांग्रेस को पाइंट पर आना चाहिए। राहुल ने हरियाणा में कुमारीसैलजा और भूपेन्द्र हुड्डा के स्टेज पर हाथ मिलवाते हुए कहा कि मेरे शेरकभी कभी लड़ जाते हैं। फिर इन्हें एक करवाना मेरा काम होता है। सुनने मेंयह डायलग अच्छा है। मगर बेमतलब। राहुल ने यह कोई पहली बार हाथ मिलवाए। राजस्थान जो ठीक इसी वजह से कांग्रेस हारी वहां भी ऐसे ही गहलोत और सचिनपायलट के हाथ मिलवाए थे। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ और ज्यतिरादित्यसिधिंया के। छत्तीसगढ़ में आखिरी समय में टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्रीबनाया।

उत्तराखंड में चुनाव से पहले हरीश रावत ने कैसे कैसे नाटक किए। जलसमुद्र मगरमच्छ! पता नहीं कौन कौन से बिम्ब बनाकर खुद को पीड़ित बताया।पूरी जिन्दगी वे ऐसी ही राजनीति करते रहे। और जब रो रोकर मुख्यमंत्री बनगए तो कांग्रेस के नेताओं के ही फोन उठाना बंद कर दिए। 2016 में जबस्टिंग विवाद में हरीश रावत सुप्रीम कोर्ट से जीत गए तो हाई कमान ने हरीशरावत से विधानसभा भंग करके चुनाव करवाने को कहा। उनके पक्ष में सहानुभूतिलहर थी। जीते जाते। मगर उस समय तक वे कांग्रेस के मठाधीश बन गए थे। क्यों मानते? नहीं माने। और फिर 2017 में जो चुनाव हुए उसके बाद से कांग्रेस उत्तराखंड में आई ही नहीं।

कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही।

हरियाणा में क्या हुआ? कई दिनों तक कुमारी सैलजा कोप भवन में बैठी रहीं। भाजपा और बीएसपी प्रचार करते रहे कि दलित का अपमान हुआ है। मगर सैलजा ने कांग्रेस के पक्ष में कुछ नहीं बोला। उल्टे चैनल चैनल जाकर रोती रहीं कि मुझे टिकट नहीं दिया। इन्चार्ज मुझसे बात नहीं करते हैं। हुड्डा के समर्थक अपने चुनाव प्रचार में बुलाते नहीं।

दूसरे महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी इसी राग को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री बनना है। सैलजा को भी बनना। सुरजेवाला को भी भूपेन्द्र हुड्डा अटल बिहारी वाजपेयी का डायलग ले आए... न टायर्ड हूं न रिटायर। डायलग भी अपने नहीं ला पाते। वह भी बीजेपी के। और सब मुख्यमंत्री बनने के लिए चैनल दर चैनल इंटरव्यू देने लगे। गोदी मीडिया की चांदी हो गई। तीनों के खूब इंटरव्यू लिए और गुटबाजी को खूब हवा दी।

अब बीजेपी जीत गई। जिसकी उम्मीद खुद मोदी और अमितशाह को नहीं थी। सारेएक्जिट पोल, ग्राउन्ड रियलटी सब चीख चीख कर कह रहे थे कि बीजेपी गई। वह आगई।

क्या मतलब? विश्लेषण अभी बहुत होंगे। कांग्रेस भाजपा दोनों को करीब करीबबराबर वोट मिले हैं। 39- 39 प्रतिशत। भाजपा के केवल 0.8 (पाइंट आठ)प्रतिशत ज्यादा हैं। मगर भाजपा से नाराज लोगों का वोट बंटा। करीब 20प्रतिशत वोट बाकी दलों जो सब भाजपा के खिलाफ लड़ रहे थे मिला। और वह अगरयह मान लें कि कांग्रेस के मैनेजमेंट के बाहर की चीज थी। जो वास्तव मेंथी नहीं, कुछ किया जा सकता था। अगर समय रहते समझते तो। लेकिन चलिए वहछोडिए जो यह मुख्यमंत्री बनने पर बयानबाजी और कांग्रेस को दलित विरोधी साबित करने का खेल हुआ यह हार का निर्णायक कारण रहा। ईवीएम मुद्दा है मगर अपनी गुटबाजी उस पर काबू न पा पाने की कमजोरी को अगरकांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों कासामना करना पड़ेगा।

राजरंग

कांग्रेस के सहयोगियों की मोलभाव ताकत बढ़ी

हरियाणा में कांग्रेस की हार और जम्मू कश्मीर में बहुत खराब प्रदर्शन का एक तत्काल असर महाराष्ट्र और झारखंड में चल रहे सीट बंटवारे पर पड़ेगा। दोनों राज्यों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे की बात चल रही है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के साथ कांग्रेस को सीटों का बंटवारा करना है। उधर झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के साथ तालमेल की बात चल रही है और सीट शेयरिंग पर मामला उलझा हुआ है। दोनों राज्यों में प्रादेशिक पार्टियां कांग्रेस को ज्यादा सीट छोड़ने के लिए कह रही हैं।

जिस तरह जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 51 सीटों पर लड़ कर 42 सीट जीती और कांग्रेस 31 सीट पर लड़ कर सिर्फ छह सीट जीत पाई या हरियाणा में जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने अलग लड़ कर कांग्रेस को पांच सीटें हरवा दी उससे महाराष्ट्र और झारखंड के सहयोगियों की मोलभाव की ताकत बढ़ गई है। झारखंड में जेएमएम वैसे भी विधानसभा में 30 और लोकसभा में तीन सीट जीतने के बाद ज्यादा सीटों की मांग कर रही है। वह 48 से 50 सीट लड़ना चाहती है और कांग्रेस को 25 सीटों पर लड़ने के लिए कह रही है। राजद की भी सीटें कम करने का दावा किया जा रहा है। इसी तरह महाराष्ट्र में दोनों पार्टियां चाहती हैं कि कांग्रेस एक सौ सीटों पर लड़े। कांग्रेस की मांग 125 या उससे ज्यादा सीट की है।

दस सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों ने हराईं

यह बहुत बड़ी संख्या है और ध्यान नहीं आ रहा है कि किसी और राज्य के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार 10 सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे हों और उनको इतना वोट मिला हो कि उससे दूसरे स्थान पर रहने वाली पार्टी हार जाए। यह हुआ है हरियाणा जैसे छोटे से राज्य में, जहां कुल 90 सीटें हैं और चुनाव लगभग दो ध्रुवीय हुआ है। इन 90 में से 10 सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय उम्मीदवारों को इतने वोट मिले, जिससे कांग्रेस हार गई। इसके अलावा चार सीटों पर छोटी पार्टियों के तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार ने कांग्रेस को हराया। कुल 14 सीटें यानी 15 फीसदी सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस दूसरे स्थान पर लेकिन तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार की वजह से हार गई। इसमें कुछ सीटें तो भाजपा के माइक्रो प्रबंधन वाली हैं और कुछ सीटें कांग्रेस की अपनी गलतियों वाले हैं, जहां उसने मजबूत उम्मीदवार को छोड़ कर किसी और मुलाहिजे में दूसरे उम्मीदवार को टिकट दिए।

ऐसी सीटों में सोहना, नरवाना, उचाना कलां, असंध, कालका, बाढ़रा, महेंद्रगढ़, सफीदों, यमुनानगर, राई, बरवाला, समालखा, दादरी और तोशाम शामिल हैं। इनमें से नरवाना, बरवाला और यमुनानगर में इनेलो और असंध में बसपा दूसरे स्थान पर रही। बाकी 10 सीटों पर निर्दलीय दूसरे स्थान पर रहे। सोहना में भाजपा के तेजपाल तंवर 11,877 वोट से जीते। कांग्रेस के रोहतास सिंह को 49,366 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय जावेद अहमद को 49,210 और चौथे स्थान पर रहे निर्दलीय कल्याण सिंह को 21,754 वोट मिले। इसके बाद बसपा को भी 15 हजार और आप को तीन हजार वोट मिले। इनमें से जावेद अहमद ने तो निश्चित रूप से सिर्फ कांग्रेस का वोट काटा है।

हरियाणा में उचाना कलां की सीट बहुत हाई प्रोफाइल थी। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौटे बीरेंद्र सिंह के बेटे पूर्व आईएएस अधिकारी और पूर्व सांसद ब्रजेंद्र सिंह कांग्रेस के उम्मीदवार थे। वे सिर्फ 32 वोट से हारे, जबकि तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय वीरेंद्र घोघरियान को 31,456 और चौथे स्थान पर रहे निर्दलीय विकास को 13,458 वोट मिले। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला इस सीट पर पांचवें स्थान पर चले गए। ऐसे ही कालका सीट पर भाजपा की शक्ति रानी शर्मा ने कांग्रेस के प्रदीप चौधरी को 10,883 वोट से हराया, जबकि तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय गोपाल सुखोमाजरी को 31,688 वोट मिले। बाढ़रा सीट पर कांग्रेस के सोमवीर सिंह 7,585 वोट से हारे, जबकि तीसरे स्थान पर रहे सोमवीर घसोला को 26,730 वोट मिले।

तोशाम इतनी हाई प्रोफाइल सीट थी, जहां कांग्रेस ने चौधरी बंशीलाल के पोते अनिरूद्ध चौधरी को लड़ाया था और उनका मुकाबला अपनी चचेरी बहन से था। भाजपा ने बंशीलाल की पोती और किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को लड़ाया था। इस सीट पर अनिरूद्ध 14,257 वोट से हारे, जबकि तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय शशि रंजन परमार को 15,859 वोट मिले। टिकट बंटवारे में कांग्रेस ने कैसी गलतियां की इसकी मिसाल वल्लभगढ़ सीट है, जहां कांग्रेस की पूर्व विधायक शारदा राठोड़ टिकट मांगती रहीं लेकिन पार्टी ने उनको टिकट नहीं दिया। नतीजों में शारदा राठोड़ 44 हजार वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं, तीसरे स्थान पर निर्दलीय रहा और कांग्रेस की पराग शर्मा 8,674 वोट लेकर चौथे स्थान पर रहीं। उनकी जमानत जब्त हो गई। ईवीएम वगैरह पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस को इन बातों पर विचार करना चाहिए।

चुनाव आयोग में शिकायत से क्या होगा?

कांग्रेस पार्टी के नेता हरियाणा में अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों से शिकायत इकट्ठा कर रहे हैं। जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नतीजों पर सवाल उठाया और कहा कि कांग्रेस हारी नहीं है, बल्कि उसको हराया गया है। दोनों ने लोकप्रिय धारणा का हवाला देते हुए कहा कि किसी को नहीं लग रहा था कि भाजपा हार जाएगी। उन्होंने ईवीएम की बैटरी का मुद्दा बनाया है। कांग्रेस का कहना है कि जिस ईवीएम की बैठरी 99 फीसदी चार्ज थी, उसमें सिर्फ भाजपा के वोट निकले, जबकि कम चार्ज ईवीएम में कांग्रेस के वोट ज्यादा निकल रहे थे। उनके कहने का मतलब है कि ईवीएम बदले गए क्योंकि 10 घंटे वोटिंग के बाद सील किए गए ईवीएम की बैटरी 99 फीसदी चार्ज नहीं रह सकती है।

कांग्रेस ने कहा है कि वह इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेगी। तमाम शिकायतें इकट्ठा करने के बाद आयोग के पास जाएंगे। लेकिन सवाल है कि इससे क्या हासिल होगा? चुनाव आयोग ने तो पहले ही कांग्रेस को आरोपों को एब्सर्ड यानी बेतुका बता दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि बैटरी कम या ज्यादा चार्ज होने के आरोप का कोई मतलब नहीं है। जाहिर है चुनाव आयोग ने इस आरोप को बेतुका बना दिया तो वह कांग्रेस की शिकायत लेकर उसे खारिज ही करेगी। वैसे भी प्रधानमंत्री भी पहले ही कह चुके कि कांग्रेस की आदत हो गई है कि वह चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर धब्बा लगाने की कोशिश करे। सो, कांग्रेस पार्टी को चुनाव आयोग के पास जाकर शिकायत करने की बजाय न्यायपालिका का रास्ता देखना चाहिए। लेकिन वह सिर्फ इस वजह से नतीजों को स्वीकार करने से मना नहीं कर सकती है कि उसके या बहुत से लोगों के मन लायक नतीजे नहीं आए हैं।

क्या राज्य का दर्जा बहाल होगा जम्मू कश्मीर में?

ऐसा लग नहीं रहा है कि जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने जा रहा है। भाजपा ने दो साल से ज्यादा समय की तैयारी के बाद चुनाव लड़ा था और बड़े तिकड़म किए थे। फिर भी वह सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं हासिल कर पाई। परिसीमन में सीटों के भूगोल में बदलाव का फायदा तो उसको जम्मू में मिला, जहां वह पिछली बार की 25 सीटों के मुकाबले 29 जीत गई। लेकिन एसटी आरक्षण का लाभ नहीं मिला। बहरहाल, चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक अंदाज में कहा था कि भाजपा ही राज्य का दर्जा बहाल कर सकती है इसलिए बाकी पार्टियों के दावे का कोई मतलब नहीं है।

तभी उमर अब्दुल्ला ने नतीजों के बाद इसकी याद दिलाई और कहा कि क्या अब प्रधानमंत्री अपना वादा पूरा करेंगे? प्रधानमंत्री अपना वादा पूरा कर सकते हैं लेकिन जम्मू कश्मीर का दर्जा पूर्ण राज्य का नहीं होगा। कम से कम अभी तुरंत उसे पूर्ण राज्य नहीं बनाया जाएगा। वह दिल्ली और पुड्डुचेरी की तरह अर्ध राज्य रहेगा, जहां शासन संभालने का काम मुख्य रूप से उप राज्यपाल करेंगे। सुरक्षा के नाम पर या आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के नाम पर या किसी और नाम पर सरकार अभी पूर्ण राज्य का दर्जा रोके रहेगी। हां, यह जरूर है कि अब जम्मू कश्मीर केंद्र शासित राज्य नहीं रहेगा। वह दर्जा बदल जाएगा। लेकिन वहां राज्यपाल नहीं नियुक्त होंगे और उप राज्यपाल की सत्ता बनी रहेगी। संभव है कि आने वाले दिनों में राज्य में नया उप राज्यपाल नियुक्त हो।

आम आदमी पार्टी के मन लायक नतीजे

हरियाणा विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बहुत खराब प्रदर्शन किया है। उसने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा था और सभी सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई है। हालांकि पिछले बार के मुकाबले उसके प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पिछली बार उसको आधा फीसदी वोट मिला था, जबकि इस बार वह करीब 1.80 फीसदी वोट लेने में कामयाब रही है। इतना ही नहीं, उसने पांच विधानसभा सीटों पर इतने वोट काटे, जिससे कांग्रेस हार गई। यानी जैसे 10 निर्दलीय उम्मीदवारों ने कांग्रेस के वोट काट कर उसको हराया उसी तरह आम आदमी पार्टी ने पांच सीटों पर कांग्रेस को हराया। तभी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ट्विट करके खूब शेरो शायरी की है और कांग्रेस को अहसास कराया है कि अगर साथ मिल कर लड़े होते तो दोनों तरफ खुशी होती। लोकसभा चुनावों की भी याद दिलाई गई।

लेकिन ऐसा नहीं है कि इतने खराब नतीजे के बाद आम आदमी पार्टी दुखी है। जानकार सूत्रों का कहना है कि नतीजों के बाद केजरीवाल और उनके करीबी नेताओं ने इस पर संतोष जताया और राहत की सांस ली कि कांग्रेस नहीं जीती। आम आदमी पार्टी में इस बात की भी खुशी है कि जम्मू कश्मीर में उसका खाता खुला। उसने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था और डोडा की सीट जीत गई। हालांकि यह उम्मीदवार की जीत थी क्योंकि बाकी छह सीटों पर आप को नोटा को मिले वोट का एक तिहाई वोट मिला है। दूसरी खुशी इस बात की है कि कांग्रेस हरियाणा में नहीं जीती। अगर हरियाणा में कांग्रेस जीतती तो दिल्ली में कांग्रेस की वापसी का रास्ता बनता। दिल्ली से सटे मेवात और एनसीआर के इलाके में मुस्लिम और जाट पूरी तरह से कांग्रेस के साथ रहे हैं। यह समीकरण दिल्ली में दोहराया जा सकता था। हालांकि हरियाणा की जीत से भाजपा का भी मनोबल बढ़ा है लेकिन कांग्रेस जीतती तो चुनौती ज्यादा बड़ी होती।

पुलिस की गुंडागर्दी का शिकार होते पत्रकार, रीवा में पुलिस की गुंडागर्दी पर बवाल, खडे हुए कई शवाल..पत्रकार के साथ हुई अभद्रता व मारपीट की घटना की चौतरफा घोर निंदा..

दैनिक पुष्पांजली टुडे

रीवा।जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल तो उठते ही थे, अब सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू और प्रधान आरक्षक सतेंद्र तिवारी ने और ?ानून व्यवस्था कि धज्जिया उड़ा दी,वरिष्ठ फोटो पत्रकार संदीप जाडिया जो स्टार समाचार के फोटो ग्राफर है, उनके साथ पुलिस अधिकारी व एक आरक्षक द्वारा अभद्रता और हाथापाई किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है, जिसके बाद जिले के सभी पत्रकार पुलिस कि करतूत के विरोध में उतर आए है,

पत्रकारों का आरोप है कि कवरेज के दौरान पुलिस ने न केवल दुर्व्यवहार किया, बल्कि उन्हें एनडीपीएस (मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम) के मामले में फंसाने की धमकी भी दी,

इस घटना के विरोध में रीवा के सभी पत्रकार धरने पर बैठ गए हैं, और दोषी पुलिस अधिकारियों के निलंबन की मांग कर रहे हैं,

जनप्रतिनिधि भी असहाय..

हाल ही में मऊगंज के भाजपा विधायक द्वारा एक पुलिस अधिकारी के चरणों में गिरकर मौजूदा सरकार में जनप्रतिनिधियों की स्थिति पर सवाल खड़ा किया गया है, विधायक के इस कदम से साफ होता है कि पुलिस का निरंकुश रवैया केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक चुनौती बन चुका है,

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों पर उठ रहे सवाल..?

उप - मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के क्षेत्र में पुलिस के इस बेलगाम रवैये ने स्थिति और भी चिंताजनक बना दी है, भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिए जाने की आशंका बढ़ गई है, सवाल यह है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद दोषी पुलिसकर्मियों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, और डिप्टी सीएम इस मामले पर चुप क्यों हैं..?

पत्रकार संगठनों ने भी घटना की करी कड़ी निंदा..

रीवा जिला सहित मऊगंज इकाई के पत्रकारो ने भी फोटो जर्नलिस्ट संदीप जाडिया के साथ हुई घटना की घोर निंदा की है,

पत्रकार संघ ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो जिले के पत्रकार एक बड़े आंदोलन की राह पर चलने के लिए मजबूर होंगे,

रीवा की इस घटना ने पूरे राज्य में पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, अब जनता और पत्रकार दोनों ही न्याय की मांग कर रहे हैं, और अब देखना यह होगा कि रीवा जिला प्रशासन इस घटना पर क्या कदम उठाता है।

नहीं रहे भारत के रतन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महान उद्योगपति श्री रतन टाटा के निधन पर व्यक्त किया शोक

रीवा।उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि भारत के महान उद्योगपति, परोपकारी व्यक्तित्व, श्री रतन टाटा के निधन की खबर सम्पूर्ण देश के लिए अत्यंत दुःखद है। श्री टाटा ने अपने असाधारण नेतृत्व और समर्पण से न केवल भारत को विकास के पथ पर आगे ब?ाया, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और जनसेवा के क्षेत्र में भी अमूल्य योगदान दिया। उनका निधन देश के औद्योगिक जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि श्री रतन टाटा का जीवन और उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

उद्योगों के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव में निवेश के अवसर का लाभ उठाएं

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, एफपीओ प्रतिनिधियों तथा स्टार्टअप से जुड़े व्यक्तियों से संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बड़ावा देने के लिए शासन के निर्देशों के अनुसार 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरे विन्ध्य क्षेत्र को औद्योगिक विकास के नए अवसर देगा। उद्योगपति इसके माध्यम से दिए जा रहे निवेश के अवसरों का लाभ उठाएं। विन्ध्य में खनिज, ऊर्जा, सौर ऊर्जा, कृषि आधारित उद्योगों तथा वनोपज आधारित उद्योगों की अच्छी संभावना है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए सड़क, रेलवे और हवाई मार्ग की भी सुविधा उपलब्ध हो गई है। नए उद्योगों से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में चोरहटा औद्योगिक क्षेत्र तथा अन्य स्थानों में संचालित उद्योगों के संचालन में बिजली, अधोसंरचना विकास की सुविधाओं में कमी मुख्य बाधा के रूप में बताई गई है। इन कमियों को दूर करके उद्योगों के विकास में प्रशासन पूरा सहयोग देगा। धान की मिलिंग के संबंध में भी जो सुझाव दिए गए हैं उन्हें मिलिंग की नई नीति में शामिल कराया जाएगा। इससे मिलर्स को अपना उद्यम संचालित करने में सुविधा होगी। बिजली का जितना उपयोग होगा केवल उतना ही बिल लिया जाएगा। चोरहटा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 6 माह में इसका निर्माण पूरा होने पर बिजली से जुड़ी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी बिजली, पानी, सड़क आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए उद्योगपतियों को दो बार टैक्स नहीं देना होगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जो निर्णय लिया जाएगा उसके अनुरूप व्यवस्थाएं की जाएंगी। स्टार्टअप करने वाले उद्योगपतियों को स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन और सेवाओं के लिए पोर्टल के माध्यम से आमजनता तक पहुंचने का अवसर दिया जाएगा। सभी उद्योगपति 23 अक्टूबर के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं। रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव के माध्यम से लगभग दो हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उद्यम की स्थापना के लिए पूरे विन्ध्य में नौ हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन का भूमिबैंक बनाया गया है। बैठक में कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने 23 अक्टूबर के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। बैठक में जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि जिले में लगभग सौ करोड़ के उद्यमों की स्थापना के प्रस्ताव मंजूर हो गए हैं। एमएसएमई में लगभग एक हजार करोड़ रुपए का निवेश होने की उम्मीद है। त्योंथर, सेमरिया तथा गुड़ में उद्योगों की स्थापना के लिए जमीनें चिन्हित कर ली गई हैं। सभी उद्योगपति इन्वेस्ट मध्यप्रदेश पोर्टल में अपने निवेश के प्रस्ताव अवश्य दर्ज कराएं। बैठक में उद्योगपतियों ने चोरहटा औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था में सुधार, औद्योगिक क्षेत्र को सम्पत्ति कर से मुक्त रखने, बिछिया औद्योगिक क्षेत्र में नाली और सड़क की व्यवस्था तथा अतिक्रमण हटाने का सुझाव दिया। बैठक में धान मिलर्स के तीन वर्ष से लंबित भुगतान, नए उद्योगों को समय पर अनुदान राशि के भुगतान तथा स्टार्टअप के लिए विपणन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री राजीव खन्ना, उपाध्यक्ष जीएस साहनी, मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह, बिछिया औद्योगिक संघ के अध्यक्ष रंजन गुप्ता, सिद्धार्थ शुक्ला, विजय मिश्रा, नीलेश तिवारी, अभिलाष शुक्ला, सीमा द्विवेदी तथा अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।

रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव
रीवा की तैयारी बैठक

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा किया गया प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

रीवा। मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों लगातार नमूने लिये जा रहे हैं। इसी क्रम में रीवा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नमूना लेने और निरीक्षण की कार्रवाई की गई। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे ने बताया कि न्यू बस स्टैंड रीवा में स्थित मिष्ठान प्रतिष्ठान द्विवेदी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया जिसमें अत्यंत गंदगी पाई गई। दुकान के किचन के बीच में से नाली प्रवाहित होती पाई गई जिससे बदबू आ रही थी। किचन कीचड़ के बीच संचालित होते पाया गया। दीवारें एवं ड़र्श तथा बर्तन गंदे पाए गये और कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार के हाइजीनिक मानदंडों का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रतिष्ठान में विक्रय किये जा रहे है मिल्क केक का नमूना भी जाँच के लिए लिया गया है। संचालक द्वारा बताया गया कि अब मिल्क केक रेडीमेड बाहर के शहरों से आता है। इसे रोहित नाम का व्यक्ति सप्लाई करता है। मिल्क केक की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। न्यू बस स्टैंड पर शिवा मिष्ठान भंडार पर भी इसी प्रकार का संदिग्ध मिल्क केक पाया। मिल्क केक, लड्डू, बड़ी, कलाकंद के नमूने भी जाँच में लिए गए। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में महसांव तहसील गुड़ में चंद्रशेखर लालमणि किराना दुकान से मूंगफली, सेंधा नमक और सिंघाड़ा के नमूने जाँच में लिए गए। तहसील जवा में विनोद किराना स्टोर से सिंघाड़ा, साबूदाना, मूंगफली, गुड़ इत्यादि एवं गुप्ता किराना पठहरा से साबुदाना, नमकीन, सिंघाड़ा इत्यादि के नमूने जाँच हेतु लिए गए। सिरमौर स्थित राज स्वीट्स से मिठाइयों के तीन नमूने जाँच में लिए गए। कार्रवाई के दौरान शकुंतला मिश्रा, रश्मि शुक्ला एवं इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्री के समय थाना खनियाधाना पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया, थाने का रिकॉर्ड व रात्री गस्त को चैक कर नवदुर्गा महोत्सव व्यवस्था पर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये |

पत्रकार हरिओम परिहार

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौर के निर्देशन में दिनांक 09-10.10.2024 की रात्री मे एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के द्वारा थाना खनियाधाना पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया । एसडीओपी पिछोर के द्वारा थाना खनियाधाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध रजिस्टर, मर्ग रजिस्टर, गुम इन्सान रजिस्टर, जप्ती रजिस्टर एवं मेडीकल रजिस्टर चैक किये । एसडीओपी पिछोर द्वारा थाना खनियाधाना के सीसीटीएनएस पर की जाने वाली कार्यवाही एवं हावालात को चैक करते हुये थाने पर की जाने वाली कार्यवाहियों का जायजा लिया एवं रात्री गस्त को चैक करते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये ।

1. थाने के महत्वपूर्ण रजिस्टर चेक किए एवं टीप अंकित की ।
2. बुलाए जाने पर थाना प्रभारी उपस्थित थाना आए।
3. हवालात चेक की,कोई बंदी नहीं पाया गया।
4. रात्रि गश्त में लगे एएसआई अरुण वर्मा को रात्रि गश्त सतर्कता से करने के निर्देश दिए।
5. सीसीटीएनएस चेक किया और रिपोर्ट दर्ज कराई।

लखनऊ उत्तर प्रदेश प्रगतिशील हिंदुस्तान मथुरा आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मथुरा के समीप बाद गांव पर बना फ्लाईओवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है।

फ्लाईओवर को अभी ठीक से चालू भी नही किया गया है और फ्लाईओवर में सरिया आदि निकलना भी शुरू हो गई हैं। जिनकी वजह से सड़क हादसे होने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने कार्यदाई संस्था द्वारा फ्लाईओवर को गुणवत्तापूर्ण नही बनाने की बात कही है, साथ ही कहा है कि फ्लाईओवर की गुणवत्ता को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जांच करानी चाहिए। फ्लाईओवर निर्माण कार्य से पहले। सर्विस रोड़ नही बनाया गया था, जिसके चलते राहगीरों को पिछले 2 वर्ष में जाम के झाम का काफी सामना भी करना पड़ा है। कार्यदाई संस्था द्वारा फ्लाईओवर निर्माण कार्य करने के बाद ही सर्विस रोड़ बनाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य से पहले सर्विस रोड बनाए गए होते तो इतने सड़क हादसे नही होते और काफी लोगों की जान भी बच सकती थी, लेकिन कार्यदाई संस्था द्वारा लोगों की जान-माल के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों ने भी अपनी कुंभकर्णीय नींद के चलते फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्तापूर्ण की जांच पड़ताल करना उचित नही समझा। यही कारण रहे कि फ्लाईओवर पूरी तरफ से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। फ्लाईओवर में जगह-जगह पर हुए गढ्ढों में पेइचिंग कर लीपापोती की जा रही है। फ्लाईओवर निर्माण कार्थ में भ्रष्टाचार चरम सीमा को भी पार कर चुका है, जिसकी गुणवत्ता को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को जांच करानी चाहिए। ह॥-19 बाद गांव पर बना फ्लाईओवर जनपद भर में भ्रष्टाचार के चलते चर्चा का विषय बना हुआ है, सभी लोगों का यही कहना है कि फ्लाईओवर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है और एनएचएआई के अधिकारियों ने इस ओर मुडकर भी नही देखा है। लोगों का यह भी कहना है कि मिलीभगत के चलते लापरवाही के साथ बनाए गए फ्लाईओवर निर्माण कार्य की ओर ध्यान नही दिया गया है। फ्लाईओवर की गुणवत्ता को लेकर सभी लोगों ने कार्यदाई संस्था पर जुर्माना लगाने का केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से निवेदन किया

नवदुर्गा महोत्सव पर ग्राम पंचायत इंदार में चार स्थानीय

माँ बीजासन का दरबार

पत्रकार हरिओम परिहार

मंदिरों पर रंगारंग झांकियों की प्रस्तुतियां दी जाती हैं,, जिसमें बीजासनी माता मंदिर पर समिति द्वारा--(समिति अध्यक्ष रामसेवक परिहार) झांकी कलाकार बालूराम रजक, भरत पाल, मदन कुशवाहा, गोलू रघुवंशी, सुनील रघुवंशी व समिति सदस्य,, एवं कैंत वाली मैया के मंदिर पर महाकाल समिति द्वारा,,दोनों समितियों के द्वारा एक से बढ़कर एक, बढ़-चढ़कर झांकियां लगाई जाती है,,

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रों में धूमधाम से की गई पूजा अर्चना

पुष्पांजली टुडे

शिव मंदिर में किया गया मां दुर्गा आदि शक्ति मां स्वरूपा का पंडाल अपना अटल ग्राम जहला में शिव मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा लगातार हर वर्ष की इस वर्ष भी धूम धाम से मां जगत जननी मां दुर्गा की पूजा अर्चना में भक्त लव लीन दिखाए दे रहे है आज मां का अष्टम रूप में है अपना अटल ग्राम में।सभी युवाओं में खुशी की लहर दिखाई दे रही है युवा समाज सेवी भैया मिथुन पाण्डेय विधानसभा क्षेत्र जिला मैहर के द्वारा आज दिनांक 10/10/2024 को मां दुर्गा की अष्टम रूप की पूजा अर्चना अपने ग्रह ग्राम शिव प्रगाण में की गई हमारे युवा समाज सेवियों द्वारा मां के दरबार में विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा हमारे युवा समाज सेवी अतुल पाण्डेय अशोक पाण्डेय संजीत कुशवाहा अशोक कुशवाहा सोनू पटेल लालवा पटेल राहुल द्विवेदी अजय पाण्डेय दिलीप पाण्डेय विकास पाण्डेय अमरजीत कुशवाहा व्दारिका कुशवाहा रामप्रताप कुशवाहा मोतीलाल कुशवाहा रमेश पाण्डेय अमित पाण्डेय कामता प्रसाद तिवारी अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बाठिया जिला मैहर मूलचंद्र पाण्डेय गायक शंकर लाल कुशवाहा आदि समस्त ग्रामीण जनों द्वारा मां के दरबार में 24 घंटे अपनी सेवा का योगदान दे रहे हैं

करैरा पुलिस द्वारा अबैध विस्फोटक फटाखे किये जप्त

पत्रकार सतीश परिहार

करैरा-पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव, अबैध विस्फोटक फटाखे की धरपकड जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं करैरा एस.डी.ओ.पी. शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में आज करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि महिन्द्र कंपनी की छोटी लोडिंग गाडी क्रमांक स्क्क33ँश्व2758 मे अबैध रुप से फटाखे भरकर हाइवे से दिनारा तरफ जा रही है उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान टीला चौराहा पर पहुचे मुखविर द्वारा बताये हुई छोटी लोडिंग गाडी आती दिखी जिसे हमराही फोर्स की मदद से रोक कर चैक किया तो लोडिंग मे गत्ते के 26 कार्टून छोटे बडे रखे हुए मिले जिन्हे खोल कर चैक किये तो कार्टूनो के अंदर फुलजडी , बम, सुतली बम ,अनार आदि प्रकार के फटाखे भरे हुए थे बाद चालक का नाम पूछा तो अपना नाम रविन्द्र रजक पुत्र उम्मेद रजक उम्र 25 साल निवासी बिल्हारी थाना गोबर्धन हाल करोंदी कॉलोनी शिवपुरी का होना बताया पटाके के संबंध मे लायसैंस चाहा गया तो उसके पास कोई बैध लायसेंस न होना बताया तथा सुरक्षा हेतु कोई अग्निशामक यंत्र आदि न होना पाया गया आरोपी का यह कृत्य आपराध धारा 5 विस्फोटक अधिनियम 1884 के अधीन दण्डनीय पाये जाने से लोडिंग गाडी एव गत्ते के 26 छोटे बडे फटाखे के कार्टून को जप्त किया गया है

बरामद माल

एक लोडिंग गाडी क्रमांक MPxxँश्व2758 जिसकी कीमती 07 लाख रुपये फटाखे के 26 कार्टून छोटे बडे कीमती 02 लाख रुपये कुल **कीमती 09 लाख रुपये**

भूमिका-थाना प्रभारी करैरा विनोद छावई ,उनि बी.आर.पुरोहित ,सउनि प्रवीण त्रिवेदी , प्रआर अभयराज सिहं ,आर हरेन्द्र गुर्जर, आर राधेश्याम सिहं जादौन ,आर सुरेन्द्र रावत की भूमिका रही..

फैंस के दिलों पर राज करती हैं रकुल प्रीत सिंह

(फोटोः एएनआई)

साल 2013 में बनी फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह को भला कौन नहीं जानता, ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर राज करती है। अपनी कमाल की अदाकारी, एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से रकुल काफी फेमस हैं। कुछ महीने पहले ही उन्होंने निर्माता और एक्टर जेकी भगनानी से शादी की है।

वो करीब 10 साल से हिंदी और साउथ सिनेमा में एक्टिव हैं और 10 अक्टूबर को अपना 34वां जन्मदिन मनाएंगी। बॉलीवुड इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद के मुद्दे को लेकर खुलकर बात करना हो या अपना विजन सबके सामने रखना, हर बार रकुल बेबाकी से अपनी बात रखती दिखीं। बीते साल अटैक, छत्रीवाली, थैंक्यू और डॉक्टर जी जैसी फिल्मों में रकुल ने अपनी शानदार अदाकारी से हर किसी का दिल जीता।

अपने छोटे से करियर में रकुल प्रीत सिंह अक्षय कुमार, अजय देवगन जैसे कई बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं। हालांकि, यहां तक का सफर तय करना उनके लिए आसान नहीं रहा। रकुल का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को पंजाबी फैमिली में दिल्ली में हुआ। उनके पिता आर्मी ऑफिसर थे। रकुल की स्कूलिंग आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं हुई। ऑडिशन के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने, कई रिजेक्शन झेलने के बाद वो इस मुकाम तक पहुंची हैं। अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने 18 साल की उम्र में ही मॉडलिंग शुरू कर दी थी।

धीरे-धीरे उन्होंने अपनी पहचान बनाई और आज वो अपने हुनर के दम पर सिनेमा जगत में एक बड़ा मुकाम हासिल कर चुकी हैं।

उनकी पर्सनल लाइफ की बात करें तो एक्ट्रेस ने एक्टर और फिल्ममेकर जैकी भगनानी संग शादी की है। रकुल और जैकी की शादी गोवा में बहुत ही धूमधाम के साथ हुई थी। इसमें कई बड़े सितारे शामिल हुए थे। दोनों की शादी की तस्वीरें भी खूब वायरल हुई थीं।

'भूल भुलैया 3' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेडेट फिल्म5 'भूल भुलेया 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया। फिल्म में 'रूह बाबा' का एक नहीं, दो मंजुलिका से मुकाबला होगा। 3 मिनट 50 सेंकड के इस ट्रेलर में हॉरर, कॉमेडी और रोमांस का तड़का देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में कार्तिक के अलावा विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी, राजपाल यादव, विजय राज, संजय मिश्रा, अश्विनी कालसेकर समेत कई सितारे नजर आ रहे हैं।

'भूल भुलैया 3' के ट्रेलर की बात करें तो, शुरुआत में ऑरिजनल मंजुलिका विद्या बालन को दिखाया गया है। इसके बाद रूह बाबा कार्तिक आर्यन की एंट्री और फिर तृप्ति डिमरी के साथ रोमांस को दिखाया गया है। इसके अलावा फिल्म में विद्या बालन के साथ माधुरी दीक्षित भी नजर आ रही हैं। जिसे देखने के बाद दर्शकों की एक्साइटमेंट और ज्यादा बढ़ गई है।

ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि निर्देशक अनीस बज्मी ने दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए फिल्म में कई ट्विस्ट भी डालने की कोशिश की है। साथ ही ट्रेलर में रूह बाबा और मंजुलिका के बीच होने वाली भिड़त भी दिखाई गई है। ट्रेलर के आखिर में विद्या बालन और माधुरी एक साथ दिखाई देती हैं, जो कार्तिक आर्यन से बोलती हैं, यही सोच रहा है ना कि हम दोनों में से असली मंजुलिका कौन है? अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित 'भूल भुलैया 3' दीपावली के मौके पर एक नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

इसी दिन बॉक्स-ऑफिस पर रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित 'सिंघम अगेन' भी रिलीज होगी है।

बादशाह ने इंडियन आइडल 15 से नाम वापस लिया!

बॉलीवुड के जानेमाने रैपर-गायक बादशाह के इंडियन आइडल 15 से अपना नाम वापस लिये जाने की चर्चा है। इंडियन आइडल अपने सीजन 15 के साथ वापसी करने के लिए तैयार है। इस सीजन की शुरुआत एक बड़े ट्विस्ट के साथ हुई, क्योंकि रैपर बादशाह ने जजिंग पैनल पर कुमार सानू की जगह ली। बादशाह के अलावा, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भी जज के रूप में शामिल किये गये। जैसे ही बादशाह के शो में जज बनने की खबर सामने आई, उन्हें जमकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा और उन्हें शो को जज करने के लिए अयोग्य भी करार दिया गया। चर्चा है कि बादशाह ने शो से अपना नाम वापस ले लिया है।

250 करोड़ के क्लब में शामिल हुई देवरा-पार्ट 1

मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने भारतीय बाजार में 250 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'देवरा-पार्ट 1' 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभायी।इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। उन्होनें पिता-पुत्र की दोहरी भूमिका निभायी है। फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने 12 दिनों में भारतीय बाजार में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म देवरा पार्ट 1 ने 12 दिनों में 252 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

रेखा ने दिलकश अदाकारी से बॉलीवुड में बनाई पहचान

बॉलीवुड की उमराव जान 10 अक्टूबर को 70 की हो जाएंगी। भानुरेखा गणेशन एक हैं लेकिन इनकी जिंदगी से जुड़े रहस्य और किस्से अनेक। साउथ स्टार शिवाजी गणेशन और पुष्पावल्ली की ये बेटी मांग में सिंदूर भरे अक्सर दिख जाती हैं। जब सोशल मीडिया का दौर नहीं था, फिल्मी पत्रिकाएं एकमात्र सहारा थीं। आम घरों में इन्हें रखने का रिवाज भी नहीं था। कई तरह की जिज्ञासा लोगों के दिलों में होती थी। ऐसी ही राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी को हुई और उन्होंने पूछ भी लिया। जानते हैं मौका क्या था? रेखा पर लिखी किताब 'रेखा द अनटोल्ड स्टोरी' के मुताबिक मौका था राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का। रिवायतन राष्ट्रपति सबको सम्मानित करते हैं। रेखा को 1981 की कल्ट फिल्म उमराव जान के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिल रहा था। स्टेज पर पहुंची। तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी ने पूछा, आप मांग में सिंदूर क्यों भरती हैं?' रेखा ने जवाब दिया था, 'मैं जिस शहर से आती हूं, वहां मांग में सिंदूर भरना आम बात है...फैशन है!

रेखा कभी बेबाक-बिंदास हैं तो कभी छुईमुई सी। बिलकुल 'झूठी' की 'कल्पना' और 'खूबसूरत' की 'मंजू' जैसी हाजिरजवाब तो कभी उमराव जान की तरह खून का घूंट पीकर सब कुछ सह लेने वाली। एक्टर ने अपने बारे में बहुत कुछ सुना लेकिन कभी किसी को पलट कर कुछ कहा नहीं, बस अपने अंदाज में आगे बढ़ती रहीं। नाम कई मेल एक्टर्स के साथ जुड़ा। सीरियस रिलेशनशिप में भी रहीं लेकिन ऐन शादी की दहलीज पर आकर सपना टूट गया। लोगों ने इनकी परवरिश और खानदान को लेकर सवाल खड़े किए। 1990 में शादी भी की, मुकेश अग्रवाल से जो महज 8 महीनों में दर्दनाक अंजाम तक पहुंची। दिल्ली के इस कारोबारी ने डिप्रेशन में आत्महत्या कर ली। तब सास ने डायन तक कहा पर रेखा ने अपनी रेखा कभी पार नहीं की। अपने एक पुराने इंटरव्यू में तमाम इल्जाम पर चुप्पी साधने का राज भी खोला था। कहा था, मैं चुलबुली थी पर जब फिल्मी पत्रिकाएं अंट शंट छपने लगीं तो बात करना बंद कर दिया। खुलकर बात करती थी लेकिन फिर 1975 से खुद को समेट लिया। 3 साल की थीं तब से फिल्मों में काम कर रही हैं। 1969 में पहली हिंदी फिल्म सावन भादो की। बिलकुल इंट्रेस्ट नहीं था फिर भी काम किया। टर्निंग प्वाइंट 'घर' लेकर आया। रेप विक्टिम का किरदार शिद्दत से निभाया। क्रिटिक्स ने काम को खूब सराहा और तब से बकौल रेखा उन्होंने एक्टिंग पर ध्यान देना शुरू कर दिया। खूब ख्याति हासिल की। जब तक 'खून भरी मांग' रिलीज नहीं हुई थी तब तक रेखा की फेवरेट फिल्म भी 'घर' ही थी इसके बाद केबीएम ने फिर लोगों को एहसास कराया कि अभी रेखा में एक्टिंग बाकी है। इस एवरग्रीन एक्ट्रेस ने अपनी हर उस कमी पर काम किया जो इनकी खूबियों पर पर्दा डालती थीं। मसलन ओवरवेट थीं तो योग कर खुद को स्लिम ट्रिम बनाया, डांस की फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं ली थी लेकिन मेहनत ऐसी की कि क्लासिक फिल्म उमराव जान में पता ही नहीं चला कि कोई अनट्रेंड डांसर रोल निभा रही है।

बहुरंग

फिल्म ऊंचाई ने मुझे नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया: सूरज बड़जात्या

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बड़जात्या का कहना है कि फिल्म उंचाई ने उन्हें नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या को फिल्म उंचाई के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला है।राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर सूरज बड़जात्या ने खुशी जताई है। सूरज बड़जात्या ने कहा, ऊंचाई उस तरह की फिल्म नहीं थी जिसकी लोग मुझसे उम्मीद करते थे। इसमें मेरे पिछले कामों जैसी भव्यता नहीं थी, लेकिन यह विषय मेरे दिल से आया था।

मैंने उंचाई को नहीं चुना; बल्कि ऊंचाई ने मुझे चुना।यह पुरस्कार उस यात्रा की सही पराकाष्ठा है।इस फ़िल्म ने मुझे शाब्दिक और रचनात्मक दोनों तरह से नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया।ऊंचाई के निर्माण के दौरान मेरी पूरी कास्ट मेरी रीढ़ थी। मुझ पर और फिल्म पर उनका विश्वास और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को सहने की, उनकी इच्छा ने,इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दिया।मैंने अभी तक काम पूरा नहीं किया है. कहने के लिए और भी कई कहानियाँ हैं और पहुँचने के लिए और भी कई ऊंचाईयां हैं। मैं यह पुरस्कार राजश्री प्रोडक्शंस को समर्पित करता हूं , जो अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।

दिलचस्प

मणिरत्नम के आभारी हैं ए.आर. रहमान

भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान ने कहा है कि वह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किये जाने के लिये फिल्म निर्देशक मणिरत्नम और पूरी टीम के आभारी हैं। ए.आरः रहमान को मणिरत्नम निर्देशित फिल्म 'पोन्नियिन सेलवनः भाग 1' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार मिला।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में मंगलवार को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में एआर रहमान को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।

पुरस्कार प्राप्त करने पर रहमान ने अपनी भावनाओं को मीडियकर्मियों के साथ साझा किया और कहा कि जब भी वह मणिरत्नम के साथ काम करते हैं तो यह उनके लिये विशेष होता है क्योंकि मणिरत्नम हर किसी में सर्वश्रेष्ठ लाते हैं।उन्होंने कहा, यह पुरस्कार विशेष है क्योंकि यह मेरा सातवां राष्ट्रीय पुरस्कार है। मेरा पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मणिरत्नम के साथ फिल्म 'रोजा' के लिए था। यह फिल्म भी उनके साथ है। जब भी मैं उनके साथ काम करता हूं तो यह बहुत खास होता है, उन्हें सर्वश्रेष्ठ मिलता है।

नई प्रतिभायें कभी हिम्मत न हारे: मिथुन चक्रवर्ती

(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि नयी प्रतिभाओं को कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिये और सपना देखना बंद नहीं करना चाहिये। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें सम्मानित किया है। मिथुन चक्रवर्ती ने दादा साहब फाल्के अवॉर्ड जीतने पर खुशी जाहिर की है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, फिल्म मृगया के लिये पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद लोगों से मुझे खूब बधाइयां मिली, जिसके बाद मेरा दिमाग थोड़ा सा खराब होने लगा था।मुंबई में एक स्क्रीनिंग रखी गई थी, जिसमें कहा गया था कि मृगया यदि अच्छी लगी तो उसका वितरण किया जाएगा। इसके बाद जब उन्होंने स्क्रीनिंग के आयोजक से फिल्म के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि फिल्म तो अच्छी लगी। लेकिन मैं सोच रहा हूं कि तुम कपड़ों में कैसे दिखोगे।उनकी बात सुनकर मैं चौंक गया। इसके बाद मुझे याद आया कि मृगया में मैंने जो किरदार निभाया है उसने ऊपर कपड़े नहीं पहने थे। मैं खुद को अल-पचीनो समझने लगा था, फिर मुझे एक लात पड़ी, तो अकल आई। मेरे रंग की वजह से मुझे कुछ सुनने को मिला। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा,कहा जाता था कि ये बॉलीवुड में ये काला रंग नहीं चलेगा। मैं सोचता था कि करूं क्या, मैं भगवान से कहता था कि हे भगवान इस रंग का क्या करूं, ये तो बदल नहीं कर सकता।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड पलेरा के कार्यकर्ताओं ने कथा व्यास स्वरूपानंद महाराज का किया पुष्प माला से स्वागत

विवेक राय संवाददाता
पुष्पांजली टुडे

नगर पलेरा के हिंगलाज माता मंदिर(ब?ी माता) पर चल रही शिवमहापुराण में समिति के कार्यकर्ताओं ने बजरंग दल को आमंत्रित किया जिस पर बजरंग दल प्रखंड पलेरा के दायित्ववान कार्यकर्ता शिवमहापुराण में पहुंच कर महाराज जी का तिलक कर पुष्प माला से स्वागत किया व समिति के सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया स्वरूपानंद महाराज ने बताया है कि बजरंग दल हमेशा से ही धर्म रक्षा गौ रक्षा मंदिरों की रक्षा व समस्त हिंदुओं की रक्षा निस्वार्थ भाव से करता है साथ ही ये भी कहा है कि अगर किसी भी हिन्दू भाई को कोई दूसरा धर्म का व्यक्ति प्रताड़ित करता है करता है तो आधी रात को बजरंग दल खड़ा रहता है

इस कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष मयंक गुप्ता बजरंग दल प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय बजरंग दल सहसंयोजक हरिकांत यादव बजरंग दल प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख विशाल प्रजापति बजरंग दल नगर संयोजक मोहित सोनी राज विश्वकर्मा हिरदेश साहू राज विश्वकर्मा उपस्थित रहे बड़ी माता नवदुर्गा महोत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा हर वर्ष इसी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम किए जाते हैं कमेटी सदस्य हिंगलाज बड़ी माता मंदिर पुजारी रामपाल राय गोविंद शर्मा राजेश चौरसिया रानू साहू विजेंद्र राय पवन रैकवार राम जी विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह राजा अरविंद राजा राघवेंद्र राजा मिथुन राय रवि राय दीपक राय कल्लू यादव गोवर्धन विश्वकर्मा ऋतिक चौरसिया रवि राय अखिलेश रैकवार शिवम राय जसवंत राय राजाबाबू राय एवं समस्त बड़ी माता हिंगलाज माता महोत्सव समिति के सदस्य मौजूद रहे

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मसाला उत्पादन को बड़ावा देने के लिये कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

छिन्दवाड़ा/ / जिले के विकासखंड तामिया में कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी में आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मसाले की खेती करने एवं मसाले की खेती के बारे में किसानों में जागरूकता लाने के लिए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में कैसे मसाले की खेती की जाए एवं इसकी सम्भावनाओं के विषय में चर्चा करने एवं किसानों को मार्गदर्शन देने के लिए और मसाले की खेती करके कैसे अपनी आय बड़ा सकते है। इस विषय में किसानों से संवाद करने एवं प्रशिक्षण प्रदाय करने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.एस.आर.धुवारे के मार्गदर्शन में स्पाइस बोर्ड छिन्दवाड़ा के समन्वय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में स्पाइस बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ.बी.आर.गुडाडे द्वारा बताया गया कि मसाला वर्गीय फसलों में काली मिर्च, छोटी इलाइची, तेजपान पत्ता, लोंग की खेती करके कृषक अधिक से अधिक लाभ कमा सकते हैं। यदि इसे उन्नत तरीके से किया जाये तो इससे अधिक से अधिक मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। चूंकि मसाला वर्गीय फसलों की कीमतें अधिक होने के कारण प्रति यूनिट क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र देलाखारी के वैज्ञानिक डॉ.धुवारे द्वारा मसाला खेती के उत्पादन के लिये वैज्ञनिक पद्धति अपनाकर पहाड़ी क्षेत्रों में भी मसाले की खेती सरलतापूर्वक करने की सलाह दी एवं छायादार भूमि का चयन करके हल्दी एवं ऊंचाई वाले वृक्षों के निकट कालीमिर्च को आसानी से उगाने की पद्धति को समझाया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.एस.के.अहिरवार द्वारा प्राकृतिक खेती द्वारा समूह के माध्यम से खेती करके मउप संचालक उद्यानिकी श्री एम.एल.उइके द्वारा विभाग के माध्यम से संचालित मसाला उत्पादन से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदाय की। मसाला बोर्ड गुना के श्री आशीष जायसवाल द्वारा मसाला उत्पादन पर तकनीकी सलाह प्रस्तुत की गई एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रमोद सिंग उट्टी द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में विकासखण्ड तामिया के भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री अवधेष यदुवंशी द्वारा मसाला खेती एवं प्रसंस्करण के लिये कृषक बैंक से वित्तीय लाभ किस प्रकार से प्राप्त कर सकते है, जिसकी विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। भारतीय स्टेट बैंक छिंदवाड़ा श्री प्रीतेश मंदगावकार ने कृषकों को वित्तीय सहायता की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में देलाखारी के उन्नतशील कृषक श्री वीरेंद्र राय एवं जितेन्द्र शाह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अमित बघेल, तामिया फार्मर्स फेड प्रोड्यूसर कंपनी की विशेष भूमिका रही। श्री सुन्दरलाल नागवंशी, श्री बलवीर चन्द्रवंशी, श्री गगन, श्री लखन ब्रम्हवंशी सहित अन्य कृषक एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्र के श्री रविशंकर विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच संचालन एवं आभार केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.एस.के.अहिरवार द्वारा किया गया।

कलेक्टर हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन पर बैठे मैहर के पत्रकार

मैहर जिले में इन दिनों पत्रकारो और प्रशासन के बीच मुद्दा गरमाया हुआ है प्रशासनिक खबरों के बहिष्कार के बाद अब मैहर जिले के सभी पत्रकार क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं और मांग पूरी न होने तक अनशन जारी रहने की बात पत्रकारो ने कही है।दरअसल मैहर के पत्रकारों का कहना है कि मैहर को जिले रुप मे आये तकरीबन एक वर्ष का समय गुजर गया ऐसे में जिले में कई आयोजन हुए कई बैठके हुए पर कभी प्रशासन द्वारा पत्रकारो को नही बुलाया न ही कभी किसी भी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया बीते कल मैहर में गौरव दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ मगर मैहर के गौरव के रूप में मनाए गए इस पर्व में पत्रकारों की किसी भी रूप में नही पूछा गया इसके साथ ही पत्रकारो ने आरोप लगाते हुए कहा कि नवरात्रि के इस पर्व में जहाँ देश भर से लाखों लोग माँ के दरबार में आते हैं ऐसे में समाचार संकलन के लिए जाना होता है मगर मैहर जिला प्रशासन द्वारा किसी भी तरह का पास नही बनाया गया जिससे पत्रकार मंदिर तक पहुँच सके इस सब चीजों से उपेक्षित पत्रकार आज प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह से मिलने पहुचे जहाँ देवी जी विश्राम गृह में मिलने पहुचे सभी पत्रकारो ने अपनी बात रखी इस बीच साथ मे मौजूद मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आवेश में आकर अनर्गल बाते कर डाली विधायक ने कहा कि मैं विधायक से पहले श्रीकांत चतुर्वेदी हैं जो सेवा करेगा वो मेवा खायेगा इस बात से आहत होकर सभी पत्रकार वही पर धरने पर बैठ गए और कलेक्टर हटाओ मैहर बचाओ का नारा बुलंद करने लगे वही प्रभारी से सीएम से बात कराने की मांग की जब मंत्री बिना तवज्जो दिए विश्राम गृह से चले गए तो सभी पत्रकार मैहर के घंटाघर में क्रमिक अनशन पर बैठ गए और कहा कि जब तक कलेक्टर को नही हटाया जाएगा तब तक यह अनशन अनवरत जारी रहेगा।

विवेक सोनी को मिला स्टेट ज्वाइंट सेक्रेट्री एजुकेशन विंग का जिम्मा

सिंगरौली/- कार्यों के प्रति जिम्मेदार व्यक्ति आखिरकार सफलता की ऊंचाईयों को छू ही लेता है।इतना ही नहीं बल्कि मिले कार्यों के प्रति जो व्यक्ति सजग प्रहरी की भांति विपरीत परिस्थितियों में भी अपना रुख नहीं बदलता और साहस से काम लेकर सभी चुनौतियों का बेहिचक सामना करता है उसे उनकी मंजिल तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता है।जिसके दृष्टिगत आम आदमी पार्टी द्वारा युवा नेता एवं लोकसभा क्षेत्र सीधी-सिंगरौली के जॉइंट सेक्रेटरी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सीधी इंजीनियर विवेक सोनी को स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी एजुकेशन विंग मध्य प्रदेश का जिम्मा सौंपा गया है।पार्टी द्वारा श्री सोनी को दी गई इस बड़ी जिम्मेदारी से उनके चाहने वालों एवं उनके इष्ट मित्रों सहित करीबियों में काफी हर्ष का माहौल देखा जा रहा है।वहीं सभी के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम उन्हें ढेर सारी और बधाई और शुभकामनाएं भी प्रेषित की जा रही हैं।श्री सोनी ने इस जिम्मा के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जिस प्रकार से पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताकर जिम्मेदारी सौंपी है मैं उसका बखूबी पूरे तन मन धन से पालन करूंगा और आम आदमी पार्टी के विचारधारा को घर-घर तक पहुंचने का कार्य करूंगा।श्री सोनी ने यह भी कहा है कि जिस प्रकार से केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व में मुझ पर भरोसा जताया है उसके लिए मैं केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत आभारी हूं और विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी में बने रहकर पूरी तन्मयता से पार्टी हित में कार्य करता रहूंगा।

अभिमन्यु अभियान के तहत कार्यक्रम

दिनांक 6.10.2024 को मैं भी हूं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सीहोर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग एवं नगर अधीक्षक सीहोर श्री निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली में स्कूल के बच्चों को प्रभारी थाना कोतवाली सीहोर श्री मनोज मालवीय द्वारा नशा, दहेज ,रूढ़िवादिता, अश्लीलता, भ्रूण हत्या, आसंवेदनशीलता, अभिरक्षा,लिंग भेद के बारे में जानकारी दी गई, इसी के साथ बच्चों को थाना में पुलिस द्वारा किए जाने वाले कार्य के बारे में एवं थाना परिसर का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई तथा बच्चों को शपथ दिलाई गई कि अगर कोई अपराध होते हुए देखे तो चुप नहीं बैठेंगे एक सजग नागरिक की तरह उसका विरोध करेंगे।

सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया नवरात्रि पर्व पर उत्सव

स्थानीय श्री राधा कृष्ण मोदी सरस्वती विद्या मंदिर डिपो सीहोर में नवरात्रि के अवसर पर आज विद्यालय में छोटी-छोटी कन्याओं का कन्या -पूजन प्राचार्य जी श्री मान जगन्नाथ जी सुहागपुरे, श्रीमती नेहा मालवीय दीदी ,कविता वर्मा ,दीदी श्रीमती दीप्ति जैन दीदी, श्रीमती लता मालवीय दीदी, रीना मालवीय सलोनी वर्मा श्रीमती कामिनी राठौर मुस्कान राठौर मुस्कान रैकवार द्वारा किया गया ,आरती की गई उसके पश्चात नन्ही -नन्ही कन्याओं द्वारा मनमोहक गरबा भी प्रस्तुत दी गई। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा माताजी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कक्षा षष्ठी- सप्तमी - अष्टमी की बहनों द्वारा महिषासुर मर्दिनी स्त्रोत पर नृत्य प्रस्तुत किया ।सभी भैया बहिनो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समस्तआचार्य व दीदियां उपस्थित रहे।

जल जीवन सेवा समिति के संस्थापक,अध्यक्ष के द्वारा पत्रकारों को किया गया सम्मानित जल के बिना जीवन संभव नहीं है

बाराबंकी जनपद के नगर पंचायत राम सनेही घाट में प्रयास जल जीवन सेवा समिति द्वारा जल संरक्षण की मुहिम में क्षेत्र के पत्रकारों को जल संरक्षण के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामबाबू मिश्र ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर मानवता का भविष्य बचाना है तो पीने योग्य पानी को अवश्य बचाना होगा। प्रयास जल जीवन सेवा समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता ने पीने योग्य पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मनुष्य जल को जितना ज्यादा बर्बाद करेगा उतना ही उसका जीवन कष्ट मय होगा। कृपया जल को व्यर्थ में बर्बाद न करें जितनी अवश्यकता हो उतना ही यूज करें। प्रयास जल जीवन सेवा समिति बैनर के तले पीने योग्य पानी को व्यर्थ में नष्ट न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह सलूजा ने वरिष्ठ पत्रकार भोलानाथ मिश्र, रामबाबू मिश्र, राकेश श्रीवास्तव, अजय तिवारी, शिव शंकर तिवारी, रामप्रकाश गुप्ता को जल संरक्षण का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रयास जल जीवन सेवा समिति के अध्यक्ष अंजनी कुमार साहू, सरदार रिंकल सिंह,अनुज वर्मा,अभिषेक वैश्य, रूपेश साहू , अनमोल जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

आचार्य ने बताया स्वर्ण में कलयुग का वास*

व्यास पंडित राम श्याम जी महाराज ने मनुष्य के चार प्रकार बताएं

औरैया।जनपद के कस्बा बाबरपुर स्थित संतोषी माता मंदिर सब्जी मंडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य ने बताया कि स्वर्ण में कलयुग का वास होता है आचार्य ने बताया कि सोने का कोई भी आभूषण बनवा कर लाओ तो सबसे पहले बिहारी जी को अर्पित करें, जिसमें से कलयुग का वास खत्म हो जाएगा प्रभु का प्रसाद बन जाएगा। आचार्य राम श्याम जी महाराज ने बताया कि मनुष्य का जीवन चार प्रकार के जानवरों (कुत्ता , ऊट, सुअर, गधा)का होता है जो प्रभु का स्मरण नहीं करता। आचार्य ने बताया कि कुत्ता उन मनुष्यों को माना गया है जो जगह जगह भौंकते रहते हैं, ऊट उन को कहा गया है हो सिर उठाकर चलते हैं, सूअर उनको कहा गया जिनका काम केवल खाना और सोना होता है गधा उन मनुष्यों को बताया जो केवल बोझा ढोने का कार्य करते हैं। कथा में बृजेश कुमार पोरवाल उर्फ बबलू पोरवाल पथर्रा वाले वा उनकी धर्मपत्नी इंदु पोरवाल परीक्षित बनाए गए। कार्यक्रम 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक समय अपराह्न 2:00 से 5:00 बजे तक शाम 8:00 बजे से 11:00 तक बाबरपुर सब्जी मंडी में दुर्गा पूजा समिति एवं समस्त नगर वासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

जिले की सबसे बड़ी व लंबी यात्रा निकाली गई, इस बार इच्छा देवी माता को 151 मीटर की चुनरी ओढाई

बुरहानपुर। देशभर सहित बुरहानपुर में भी शारदीय नवरात्री पर्व की धूम है, नवरात्र लगते ही चुनरी यात्राओं का दौर शुरू हो गया है, जिले की सबसे बड़ी व लंबी यात्रा निकाली गई, इस बार इच्छा देवी माता को 151 मीटर की चुनरी ओढाई जाएगी, इस यात्रा की शुरुआत फव्वारा चौक स्थित नवदुर्गा मंदिर से हुई, इस यात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए।बता दें कि बुरहानपुर जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर इच्छापुर गांव में सतपुड़ा पहाडों पर बने मां इच्छादेवी मंदिर में विराजित मॉ इच्छा देवी को चुनरी चड़ाएंगे, भक्त 25 किमी पैदल चलकर चुनरी लेकर पहुंचेगे, इस दौरान माता रानी का जयकारा लगाते भक्त नंगे पैर चुनरी को थामकर पैदल माता मंदिर के लिए रवाना हुए, चुनरी यात्रा आयोजक गजेंद्र पाटिल ने बताया कि चुनरी यात्रा का मकसद युवाओं को अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना हैं, इससे

चोरी के मामले मे शिवपुरी पुलिस की कार्यवाही, थाना इन्दार द्वारा चोरी गये नकदी 45000/-रूपये व सोने चाँदी के आभूषण कीमती 6 लाख रूपये के बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

पत्रकार हरिओम परिहार

दिनांक 30.09.2024 को फरियादी निरपाल सिंह उर्फ सोनू पुत्र स्व. राजेन्द्र सिंह सिक्ख उम्र 39 साल निवासी ग्राम हरीपुर ने रिपोर्ट की कि दिनांक 29-30/09/24 की दरमियानी रात मे अपने घर के अलमारी व बक्से के ताले टूटू हुए थे जिनमे रखे नकदी 45000/- रूपये व पत्नि के तीन जोडी कानो के टोक्स (दो बडे एक छोटा), दो चैन सोने की, दो अंगूठी सोने की, एक जोडी चाँदी की पायल, एक जोडी एक एक बिछिया चाँदी की तथा बच्ची की पायल चाँदी की तथा माँ का एक हार सोने का, तीन चूडी सोने की, चार अंगूठी सोने की, तीन पैंडल (ताबीज) जिनमे धागा लगा था जिन्हे रात्रि मे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है उपरोक्त रिपोर्ट पर से थाना इंदार पर अपराध क्रमांक 227/2024 धारा 331 (3), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

घटना से वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे थाना इन्दार की टीम बनाकर माल मुल्जिम की पतारसी की गई पतारसी के दौरान आरोपिया रमनदीप कौर से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा घर मे रखे नकदी व सोने चाँदी के जेवरात चोरी करना व सभी जेवरात लवप्रीत पन्नू सिक्ख को देना बताया आरोपीगण से चोरी गया सम्पूर्ण मसरूका 45000/-नकदी एवं सोने चाँदी के जेवरात कीमती 6 लाख रूपये कुल कीमती मसरूका 6,45,000/- रूपये जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है ।

पुलिस थाना इन्दार
जिला-शिवपुरी (म.प्र.)
देशभक्ति
जनसे

उक्त सराहनीय कार्य मे उ. नि. दिनेश सिंह नरवरिया थाना प्रभारी इन्दार, सउनि शत्रुघ्न सिंह भदौरिया, सउनि बजरंग सिंह जादौन, स.उ.नि. अजयपाल सायबर शाखा, उ.नि. सावित्री लकडा थाना कोलारस, स.उ.नि. किरन सोनी थाना बदरवास, प्र.आर. वहीद खान, प्र. आर. जितेन्द्र सिंह जाट, प्र.आर. हरीसिंह, प्र. आर. विकास सायबर सेल, आर. आलोक सिंह, आर. रवि कन्नोजी, आर. महेश सिंह, आर. सुनील कुमार भील, आर. रिंकू माहौर, आर. दामोदर सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

13वाँ सामूहिक विवाह व निकाह समारोह

बाराबंकी ।भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा नवीन गल्ला मण्डी में आयोजित 13वाँ सामूहिक विवाह व निकाह समारोह रविवार की देर शाम सकुशल सम्पन्न हो गया।समारोह में 96 जोडो ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई।गायत्री परिवार द्वारा विवाह कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न कराया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विंग श्री गौरव टिकैत ने वर वधू को आशीर्वाद दिया और कहा कि ऐसे समारोह प्रत्येक जनपद में आयोजित होने चाहिए।समारोह में 3 निकाह भी सम्पन्न हुए।रविवार को गोंडा बाराबंकी मार्ग पर स्थित नवीन गल्ला मंडी स्थल पर भाकियू द्वारा आयोजित इस 13वें सामूहिक विवाह व निकाह समारोह का शुभारम्भ दोपहर 12 बजे गायत्री परिवार द्वारा सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात मंडप के नीचे वेदियोंपर बैठे सभी जोड़ो को गायत्री परिवार के पुरोहितों द्वारा मंत्र जाप के साथ विवाह रस्म की शुरुवात कराई गई। करीब 1 बजे समारोह स्थल पर पहुंचे मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत का कार्यकर्ताओ ने ने मंडप के नीचे बैठे जोड़ो से बात कर उनसे हाल चाल जाना और अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह हर जनपद में होने चाहिए ताकि किसी गरीब की बेटी बाप को बोझ न लगे।उन्होंने ने कहा इस मुहिम की शुरुवात करने वाले मुकेश सिंह आज हम सबके बीच नही हैं लेकिन उनके सोच हम सभी के दिलो में जिंदा है।इसी क्रम में मंडप से थोड़ी दूर पर बने पंडाल में तीन निकाह भी सम्पन्न हुए।कटरा निवासी अशफाक की बेटी अलीशा रिजवी का निकाह नई सड़क के मो सैफ के साथ,हरख बाराबंकी निवासी आबिद अली की बेटी शमा बानो का निकाह लखनऊ के अख्तर अली के साथ व बैसपुर बाराबंकी निवासी अली हुसैन की बेटी का निकाह लखनऊ निवासी हबीब अहमद के साथ काजी मस्जिदअब्दुल्ला द्वारा कुबूल करवाया गया।करीब ढाई घण्टे चले इस कार्यक्रम में पुरोहितों द्वारा विधि विधान से विवाह की रस्मे अदा कराई गई।इसके पश्चात सभी जोड़ो को भाकियू पदाधिकारियों द्वारा उपहार देकर धूमधाम से विदा किया गया।समारोह में बरातियों व जनातियो के साथ आये हुए सभी मेहमानों के लिए भाकियू द्वारा लजीज व्यंजनों तथा जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।समारोह में राज्यमंत्री सतीश शर्मा,विधायक दिनेश रावत,एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत,पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप,पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा,सदर विधायक सुरेश यादव,पूर्व विधायक राम गोपाल रावत,पूर्व एमएलसी एसपी सिंह,पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा,नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती शीला सिंह,डीडीसी,अवधेश वर्मा डीडीसी वीरेन्द्र मौर्य प्रधान,धीरज रावत,आदि ने वर वधू को अपना आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल,अनिल वर्मा, उत्त्तम वर्मा,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा रिन्कू,लायकराम यादव,ओम प्रकाश, राम सेवक रावत,मो रईश प्रधान,दिनेश वर्मा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

यातायात व्यवस्था सुधार के लिए हटाया अस्थाई अतिक्रमण दूकान के बाहर समान रखने पर होगी कार्यवाही

आलोट- त्योहार के सीजन को देखते हुए प्रशासन बाजार में व्यवस्था बनाने के लिए सतर्क हो गया है, इसको लेकर शनिवार को तहसीलदार सोनम भगत एवं थाना प्रभारी संतोष चौरसिया दलबल के साथ सड़क पर उतरे और उन्होंने नगर के मुख्य बाजार कन्याशाला रोड, सब्जी मंडी, संजय चौक, विठ्ठल मंदिर के यहां पर अतिक्रमण को हटाया। वही संजय चौक पर भी दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवा कर रास्ते को चौड़ा किया। परंतु इस अतिक्रमण हटाओ मुहिम के तहत कई अतिक्रमण ऐसे भी दिखाई दिए हैं, जिनको हटाना बहुत आवश्यक है परंतु उनकी तरफ प्रशासन में अनदेखी कर दी है, जिसकी वजह से कोई लोगों में इसको लेकर भी चर्चा हो रही है।

सोनकच्छ नगर के ग्राम सांवेर में गोपाल मंदिर सांवेर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा नन्ही नन्ही बालिकाएं गरबा एवं मां जगत जननी की आरती आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया फल फरूट फलिहारी मिक्सर हलवा की प्रसाद वितरण की गई हजारीलाल जी जाट कांतिलाल जी जाट देवेंद्र बागवान बिजेनबागवान कुंदन राजपूत गोपाल राजपूत युवराज सिंह राजपूत सांवेर गोविंद सिंह राजपूत सचिन जाट दीपेंद्र राजपूत पीयूष बागवान राजेंद्र सिंह राजपूत

24 किलोमीटर पैदल चलकर मां बगलामुखी को चढ़ाएंगे चुनरसोशल मीडिया कॉमेडी किंग गोपाल दा राजू सेठ यात्रा में करेंगे शिरकत।

छापीहेड़ा नगर की चूनरी यात्रा की श्रृंखला में 8 अक्टूबर मंगलवार को माता के भक्त मां शीतला के आंगन से चलकर 24 किलोमीटर पैदल चलकर मां बगलामुखी नलखेड़ा धाम को 51 मीटर की चुनर चढ़ाएंगे विदित हो कि यह यात्रा 2017 से प्रतिवर्ष नवरात्रि में निकलती आ रही है जो आस्था के आठवें वर्ष में प्रवेश कर रही है प्रथम यात्रा पुराने मार्ग से संपन्न हुई थी परंतु कुंडालिया बांध के कारण पिछले 5 वर्षों से 40 किलोमीटर का सफर तय करके मां बगलामुखी धाम नलखेड़ा पहुंचती थी परंतु सातवें वर्ष में छापीहेड़ा से नलखेड़ा पुराने मार्ग पर नई पुलिया निर्माण होने के पश्चात अब पैदल यात्रा पुराने मार्ग से होते हुए नलखेड़ा पहुंचेगी इस चुनर यात्रा में सोशल मीडिया कॉमेडी किंग गोपाल दा एवं राजू सेठ भी शिरकत कर रहे हैं जिससे नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है चुनर यात्रा प्रात 9ः00 बजे शीतला माता मंदिर त्रिपोलिया बाजार से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई ग्राम खाता खेड़ी कडेली नंदिनी नयापुरा कालापीपल होती हुई शाम 5ः00 बजे मां बगलामुखी धाम पहुंचेगी वहां माता रानी को चुनरी चढ़ाकर विशेष महा आरती की जाकर भक्तों द्वारा महाप्रसादी जी ग्रहण की जाएगी चुनरी यात्रा का रास्ते भर पुष्पहार एवं स्वल्पाहार से स्वागत किया जाएगा मां बगलामुखी चुनरी यात्रा समिति द्वारा भक्तों को वापस लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है इस हेतु समिति द्वारा नगर की सभी माता बहनों धर्म प्रेमी बंधुओ से यात्रा में सम्मिलित होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है

मुख्यमंत्री श्री यादव का दमोह जिला के ग्राम संग्रामपुर आगमन हेलीपैड केंद्र बना ग्राम गुवरा कला।

साहस और वीरता की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती और दमोह में रानी दमयंती संग्रहालय की उन्नयन की घोषणा । मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति बहनों की खातों में 1574 करोड रुपए। 55 लाख हिट ग्राहियों के खातों में 332 करोड रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि। 24 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर की अनुदान राशि के लिए 28 करोड़ अंतरित। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना का शुभारंभ।दमोह- जिले के विधानसभा जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम संग्रामपुर में आगमन हुआ। जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री श्री रावत ने पुष्प गुच्छे एवं शाल भेंट सुस्वागत अभिनंदन किया

बच्चों को अच्छी से अच्छी और उच्च शिक्षा दिलाएं तथा जनसेवा को अपना कर्तव्य समझें।

खैराबाद सीतापुर। लखनऊ के सुप्रसिद्ध इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मीडिया एवं इन्टर्टेमेंट रिसर्च फाउंडेशन की जानिब से आयोजित तहज़ीब अवध के नाम से मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में चिश्तिया सूफी दर खैराबाद के संरक्षक तथा अल्लामा फजले का खैराबादी मेमोरियल डिग्री कॉलेज खैराबाद के पूर्व प्राचार्य कारी इस्लाम अहमद आरफी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष कुंवर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने श्री आरफी को शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने तथा जन सेवा में अधिक रुचि रखने के लिए तहजीब अवध अवार्ड से सम्मानित किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष के अलावा आदरणीय श्री डॉक्टर हरिओम प्रमुख सचिव शासन ने अंग वस्त्र तथा प्रशस्त प्रमाण पत्र एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया उक्त सम्मान से उपस्थित सभी शायरों कवियों तथा अतिथियों ने संस्था की सराहना की इस अवसर पर कारी इस्लाम अहमद ने कहा कि शिक्षा एवम जनसेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं हो सकता साथ ही साहित्य के क्षेत्र में सभी को आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए इसलिए संस्था का ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन लिए धन्यवाद प्रस्तुत करता हूं तथा अल्लाह से दुआ करता हूं कि संस्था को और तरक्की प्रदान करे।सम्मानित किए जाने पर बधाई देने वालों में दरगाह हजरत मखदूम शेख़ सारंग के सय्यद आतिफ अली दानिशी ,दरगाह बड़े मखदूम साहब के सज्जादा नशीन शोएब मियां,अल्लामा फजल हक़ स्कूल के संथापक काजिम हुसैन सिद्दीकी, सैय्यद सूफ़ी इज़हार अहमद लखनऊ,डॉक्टर मनीष शुक्ला,हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी (फोन पर), मशहूर सिंगर प्रदीप अली लखनऊ,खालिद आज़मी आजमगढ़, वी केयर हॉस्पिटल लखनऊ के डॉक्टर सैय्यद आसिफ़ अली,डॉक्टर मोईद अहमद,हाजी सैय्यद इश्तियाक अली वारसी,सैय्यद सलमी मियां,सैय्यद फरजान मियां,सहाफी सैय्यद मोइन अल्वी,सिराजुल हसन खान, तारिक हुसैन शहाब, शोएब अहमद, शहाब अहमद खान लखनऊ,मेराजूल हसन,शाकिर अली अंसारी अलीग, शहिद अली अंसारी ,एहतिशाम आलम आदि

नव गठित जनजाति गौरव समाज ने याद किया महारानी दुर्गावती को, समाज को प्रेरणा देने किया कार्य म का आयोजन, समाज की मांग पर बनेगा दुबछोला में महारानी दुर्गावती चौक

विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की स्वास्थ्य मंत्री ने मंच से घोषणा रानी दुर्गावती से प्रेरणा लेकर खुद को शसक्त और मजबूत करें माता, बहनें - स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

खड़गवाँ। आज खड़गवां जनपद के दुबछोला ग्राम पंचायत में नवीन जनजाति गौरव समाज महारानी दुर्गावती के जमोत्सव पर प्रेरणा लेने सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आज पास के सभी लोगों को बुलाकर मनोरंजन कराया गया और रानी दुर्गावती के जीवन पर समाज के नेताओ द्वारा प्रकाश डालने का काम किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक व संसदीय सचिव श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष खड़गवां सोनमती उर्रे, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्या कुमारी नेटी, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, पार्षद पुष्पा सिंह सहित समाज के पुरोधा और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के बीच में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल महरानी दुर्गावती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर महारानी दुर्गावती को याद किए। जनजाति गौरव समाज के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि आज से 05 साल पहले दुबछोला कैसा था, 25 साल पहले कैसा था, आज 25 साल बाद कैसा है। एक भी पक्का घर नहीं था, एक भी पक्का सड़क नही था, बिजली नही था, हैंडपंप नही था। मोबाइल नही था लेकिन 500 साल पहले 05 अक्तूबर 1524 में रानी दुर्गावती का जन्म कालिंजर के राजा जी के घर में हुआ। 500 साल पहले कल्पना कीजिए कि जहा सड़क नही, बिजली नही, मोबाइल नही, गाड़ी नही, उस जमाने में रानी दुर्गावती का विवाह गड़ मंडला राजा संग्राम सिंह के बेटे दलपत शाह जी के साथ 1550 ईसवी में हुआ और दलपत शाह जी के निधन के बाद अपने छोटे से बेटे को गद्दी पर बैठाकर पूरे देश और विश्व में नारी शक्ति का मान बढ़ाया है। मुगलों के साथ समझौता नहीं किया बल्कि 51 बार युद्ध लड़ा और जीता भी, 52 वे बार जब हारने की नौबत आई तो मुगलों की दासी बनने की बजाय अपने ही खंजर से अपनी जान ले ली। हम सबको यैसी महारानी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है कि नारी कभी भी कमजोर नही रही। आज की दिन विशेष है क्योंकि रानी दुर्गावती का जन्म आज ही के दिन 05 अक्तूबर और नवरात्रि का समय और साल 1524 रहा और आज भी 05 अक्तूबर है, नवरात्रि चल रहा है और साल 2024 है। वही जनजाति गौरव समाज की मांग पर मंच से ही केबिनेट मंत्री ने दुबछोला में चौक निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की और कहा कि घटने पर और दिया जाएगा लेकिन चौक खूबसूरत होना चाहिए। इसके बाद मंत्री ने ग्रामीणों के कहने पर चौक के स्थान का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच दुब्छोला श्रीमती राम कुंवर, रामलखन सिंह जिला महामंत्री मंच संचालन, मुकेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष भाजपा एम सी बी, प्रेम सिंह सरपंच कौड़ीमार,प्रेम नारायण पूर्व सरपंच कटकोना तथा सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आंनद उठाए। उपस्थित भीड़ को शांत करने के लिए थाना प्रभारी खड़गवां रामनयन गुप्ता दल बल के साथ तैनात रहे।

संविदा महासंघ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा

बैतूल। भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त संविदा महासंघ द्वारा लिंक रोड स्थित तरंग वाटिका में आयोजित जिला स्तरीय महासम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति महासंघ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संविदा स्वास्थ्य संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.गोविंद साहू ने बताया कि संविदा महासंघ की कार्यकारिणी में अध्यक्ष इंजीनियर डैनी सावन गौड़, महामंत्री एकनाथ ठाकुर, महामंत्री इंजीनियर ऋषभ जैन, सचिव नीरज बाथरी, सहसचिव वीरेंद्र उपराले, उपाध्यक्ष दीपक झारिया, कमलेश मासोदकर कोषाध्यक्ष सर्वेश दीक्षित, कार्यालय मंत्री भरत खरे को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना राजोरिया एवं पूर्व महामंत्री मधुकर साबले द्वारा संगठन की रीति-नीति से पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु शपथ दिलाई गई। विभाग प्रमुख विनय डोंगरे द्वारा ÷कुटुम्ब प्रबोधन÷ पर व्याख्यान कर परिवार के महत्व को बताया गया एवं समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य संघ के जिलाध्यक्ष डॉ.गोविंद साहू, संविदा जिला विभागों के संयोजक योगेंद्र दवाडे, भूपेश दियावार, खुशबू ब्रह्मे, विमल बचले , नवीन मालवीय , कामिनी पंडोले, मनीष वरवधे, प्रियंका राने, सुरेश गुप्ता, मोहाबे ऋषि कुमार बलिराम वधाबुधे, अरुण बोरबन, निशांत मेश्राम, नितेश जैन, रामनारायण शुक्ला, राजेश पवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी।

बेरोजगारी के खिलाफ रोजगार के लिए बेरोजगार संवाद यात्रा

।बिसवां सीतापुर - रोजगार अधिकार अभियान के अंतर्गत ÷ बेरोजगारी के खिलाफ रोजगार के लिए बेरोजगार संवाद यात्रा ÷ की तैयारी बैठक बिसवाँ के एक निजी मैरिज हाल में संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ बृज बिहारी ने जनपद के युवाओं की रोजगार की स्थिति को बहुत ही दयनीय स्थिति में देखते हुए चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नौजवानों के उज्जवल भविष्य के लिए उनके हाथों में रोजगार अवश्य होना चाहिए। यात्रा के संयोजक रिजवान अहमद ने बताया कि 15 अक्टूबर से लेकर 14 नवंबर तक बेरोजगार पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा, उसके पश्चात प्रत्येक विधानसभा स्तर पर बेरोजगारों से संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बेरोजगार संवाद यात्रा के सह संयोजक शुभम रस्तोगी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना है। इस बैठक में शेख अफजाल हुसैन, अल्लन इदरीसी, गोविंद सिंह, विवेक जायसवाल, मान सिंह, अब्दुल्ला, मकसूद आजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

बाड़ी थाना प्रभारी ने लोगों को किया जागरूक

बाड़ी पुलिस ने किया लोगो को जागरूक मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश मे मैं हू अभिमन्यू कार्य क्रम चलाया जा रहा है जिसमे लोगो को समाज मे जो कुरितियां है उनको बताया जाता है एंव किसी भी प्रकार का महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के प्रति लोगो को संवेदनशील होना चाहिए इसी क्रम मे बाड़ी टी आई कपिल गुप्ता ने अपने पुलिस बल के साथ बाड़ी नगर के चिंतामन चौराहा पर लोगो को जागरूक किया किसी भी प्रकार की समाज मे कुरितियां है उन से बचे समाज मे अच्छा संदेश दे महिलाओं के साथ कही उत्पीडन हो रहा है तो उसका बिरोध करे ,दहेज प्रथा जैसी समाजिक बुराई से बचे,समाज मे नशा,जेसी बुराई बहुत तेजी सै फेल रहा हे उसे रोकने का प्रयास करे यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों को जागरूक किया इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी? टीआई कपिल गुप्ता सूबेदार राघवेन्द्र साहब प्रधान आरक्षक मोहनीश मिश्रा महेश टेकाम आर सोहन सिंह देवेन्द्र राजपूत संजीव कुमार के साथ बस स्टैण्ड पर अभियान में हूं अभिमन्यु के तहत नागरिकों को जागरूक किया।

दो साल ही नही टिक सका नपा का सेल्फी पवाइंट बत्ती गुल अक्षरों के उड़े चिथड़े युवा मायूस ।



नौगांव । शहर में सौंदर्यीकरण के नाम पर किस तरह राशि को ठिकाने लगाया जाता हैं। यह ब्रिटिश कालिन शहर एवम जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका का दर्जा प्राप्त नौगांव नगरपालिका में देखा जा सकता है । यह हम नहीं कह रहे नपा द्वारा कराए गए कार्य चाहे वह फूटपाथ का हो या फि़र कायाकल्प के तहत सड़क डामरीकरण,स्वागत द्वार या फिर फब्बरा जैसे तमाम कार्य स्याम अपनी दुर्दशा की हकीकत दर्शा रहें है। डिजिटल युग में सेल्फी की बढ़ती लोकप्रियता एवम महानगरों की तर्ज पर शहर की सुंदरता को चार चांद लगाने के उद्देश्य से नपा द्वारा भी शहर के व्यस्त तहसील चौराहा के पास जनपद कार्यलय के सामने लगभग डेढ़ साल पहले क़रीब 75 हज़ार की राशि से सुसज्जित हमारा नौगांव नाम से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था । सेल्फी प्वाइंट बनते ही नपा के जिम्मेदारों ने अपनी पीठ थपथपा कर खूब ववाही लुटी थी जैसे की हाल ही में तहसील चौराहे पर 10 लाख की राशि से बने फुब्बारे की लुटी जा रही है। शुरुआत में ये सेल्फी पाइंट शहर के लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा मगर अफ़सोस की बात हैं नपा के ज़िम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि और उपयंत्री की अनदेखी कहे या फिर लापरवाही के चलते सेल्फी के शौकीनों का केन्द्र बना रहा सेल्फी प्वाइंट महज डेढ़ साल ही नहीं टिक सका और सेल्फी प्वाइंट के अक्षरों के चिथड़े उड़ चुके है इसके बाबजूद भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है ।

सेल्फी प्वाइंट के अक्षरों के उड़े चिथड़े-शहर के सौंदर्यीकरण का बढ़ावा देने वाले हमारा नौगांव नाम के अक्षरों से अंकित सेल्फी प्वाइंट देखरेख के अभाव में क्षति ग्रस्त होकर अक्षर के चिथड़े उड़ चुके है । जिसकी ओर नपा के किसी भी ज़िम्मेदार का ध्यान नहीं है जिस कारण डिजिटल युग में बढ़ते सेल्फी के क्रेज और सेल्फी के शौकीनों में मायूसी देखी जा रही है ऐसे मैं हैरत की बात तो यह हैं की जिस सेल्फी प्वाइंट पर अपनी अपनी सेल्फी लेने की होड़ लगी रहती थी वहा अब सेल्फी लेना तो दूर कोई झांकने तक नहीं आता है। इसको लेकर जब नपा के जिम्मेदारों से बात की गई तो सब अपनी अपनी सफाई देते रहे लेकीन कोई स्पष्ट जवाब नही दे सका ।

अल्प समय के लिए राज्यपाल गहलोत पहुंचे आलोटःआलोट रेस्ट हाउस पर किया स्वागत,बच्चों के साथ राज्यपाल ने फोटो खिंचवाई,यहाँ से बगलामुखी दर्शन के लिए निकले।

आलोट। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत अल्प समय के लिए सर्किट हाउस पर पहुंचे,यहां पर उनके समर्थकों एवं गणमान्य नागरिकों से चर्चा की, साथ ही उन्होंने नवरात्रि पर्व की उपस्थित गणमान्य नगरियों को बधाई शुभकामनाएं दी। इस दौरान राज्यपाल ने छोटे बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई बता दे की वर्तमान राज्यपाल गहलोत आलोट से तीन बार विधायक एवं मंत्री परिषद में रहे हैं और सांसद रहते हुए केंद्रीय मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं, इस दौरान उन्होंने आलोट विधानसभा में नवोदय विद्यालय,कई ब्रिज व कई प्रमुख सड़के वह अन्य विकासन की उपलब्धियां यहां दी है।उनके पुत्र जितेंद्र गहलोत भी आलोट विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। आज भी क्षेत्र के जनता उन्हें विकास के लिए याद करती है। राज्यपाल आलोट सर्किट हाउस पर पहुंचे तो उनके पुराने समर्थक मिलने पहुंचे।

कुछ समय के लिए राज्यपाल आलोट सर्किट हाउस रुके आलोट विधानसभा के भाजपा संयोजक नंदन राज जैन ने बताया कि राज्यपाल नाथद्वारा,सांवरिया जी अंबाजी गुजरात प्रवास से आए हैं महामहिम नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी के दर्शन के लिए जा रहे थे इस दौरान आलोट रेस्ट हाउस पर उनकास्वागत सम्मान किया गया।

राज्यपाल से मुलाकात कर किया स्वागत-इस दौरान भाजपा नेता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद पवन शर्मा, उपेंद्र सिंह यादव मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, राकेश दायमा, प्रेम गुप्ता पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण कुंवाडिया, तूफान गहलोत,केडी बैरागी सहित कई भाजपा जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने श्योपुर के ऑडिटोरियम हॉल में मनाया स्थापना दिवस, शहर भर में निकाली रैली

स्थापना दिवस
6 अक्टूबर
जिला - श्योपुर

श्योपुर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने आज 6, अक्टूबर 4 बजे अपना स्थापना दिवस मनाया है, इस मौके पर श्योपुर शहर के ऑडिटोरियम हॉल में केक काटा गया और खुशियां मनाई गई, 17 अक्टूबर को भोपाल में प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति भी तैयार की गई, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज पाराशर ने बताया कि मध्य प्रदेश के सभी जिले में जिला स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है और श्योपुर शहर के ऑडिटोरियम हाल में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य कर्मचारी संघ के साथ भारतीय मजदूर संघ के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी भी शामिल रहे!

मन्नत पूरी होने पर मां रणकौशला देवी को चढ़ाया सोने का मुकुट

माँ की महिमा है अपरम्पार,सुनती है सबकी पुकार-जगतजननी माँ रणकौशला देवी आल्हा उदल के भाई मलखान ने कराई थी मां की स्थापना

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह-दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक स्थल मां रणकौशला देवी(रहकोला माँ)के दरबार मे बुधवार की शाम ग्वालियर के बड़ागांव निवासी लाखन सिंह यादव ने मन्नत पूरी होने पर मां के चरणों मे सोने का मुकुट अर्पण किया है।माँ रणकौशला मन्दिर के पुजारी पूज्य श्री हलधर पंडा जी महाराज ने बताया कि कुछ समय पूर्व ग्वालियर निवासी यादव परिवार अपने पुत्र की नौकरी के लिए मन्नत लेकर आये थे।जिसके बाद उनके पुत्र का स्वच्छ में चयन होने के बाद उनकी मन्नत पूरी हुई और उन्होंने नवरात्रि की सप्तमी दिन बुधवार को मां के चरणों मे सोने का मुकुट व उनके श्रृंगार का सामान चड़ाया है।आपको बता दें कि जगत जननी परमात्मा माँ भगवती रणकौशला देवी(रेहकोला माँ)का मंदिर ग्यारवी शताब्दी पुराना है,माँ रणकौशला देवी की स्थापना आल्हा-ऊदल के भाई सिरसा नरेश मलखान ने करवाई थी।वह हिंगलाज दर्शन के लिए जाया करते थे एक बार वीर मलखान ने आग्रह किया कि माँ यहाँ आने में बड़ी परेशानी व कठनाई होती है यदि आप की इच्छा हो तो आप का मंदिर में अपनी राजधानी में बनबा दूँगा,और आपकी वहीं पूजा-अर्चना करता रहूंगा।माँ ने वीर मलखान का आग्रह मान लिया और चलने के लिए तैयार हो गई माँ ने कहा वीर में चलूँगी एक ही आसन से अगर तुमने मुझे रास्ते में कहीं बिठा दिया तो मैं उसे ही अपना निवास स्थान बना लूंगी और हमेशा के लिए वहीँ विराजमान हो जाऊंगी। इसी बात को मानकर वीर मलखान ने माँ रणकौशला को अपने शीश पर स्थान दिया और ले कर चल दिए...

चलते चलते वीर मलखान को विश्राम करने का मन हुआ क्यों कि जहाँ मलखान का मन विश्राम करने के लिए हुआ यह स्थान माँ को भी अच्छा लगा और वह स्थान अमाहा व् दबोह के मध्य स्थित था।यह बड़ा ही रमणीक एवम् सुंदर स्थल है यही पर मलखान ने माँ को शीश से नीचे उतार कर एक पीपल के पेड़ के नीचे बिठाया और जल-पान करने के लगे मगर जब वीर मलखान ने जल-पान करने के बाद माँ को उठाने लगे तब माँ ने अपना वजन इतना बड़ा दिया कि मलखान के बहुत प्रयास कोशिस करने के बाद में माँ को उस स्थान से हिला-डुला न सके तब वह महान शोकातुर होकर रोने लगे,और कहने लगे माँ मुझसे ऐसी कौन सी गलती हो गई है,तब माँ ने कहा-कि मैंने तुझे पहले ही बता दिया था कि तू मुझे जहाँ बिठा देगा मैं वहीँ हमेशा के लिए विराजमान हो जाउंगी तब वीर मलखान ने कहा-माँ यहाँ से तो मेरी राजधानी बहुत दूर है मुझे आने में अभी भी परेशानी होगी।तब माँ ने कहा-माँ ने वीर मलखान से कहा अब जो भी हो मगर अब तो मैं यहीं रहूँगी और इसी स्थान को अपना निवास स्थान बनाऊँगी।तब वीर मलखान सिंह उसी रात्रि ने उसी रात पत्थरो की शिलाओं से माँ का मंदिर बनबा दिया और सामने एक बाबड़ी का निर्माण कराया और उसी बाबड़ी से एक सुरंग का निर्माण कराया।उसी दिन से आज तक वह अपनी पत्नी गजमोतिन के साथ उसी सुरंग से सूक्ष्म शरीर आज भी माँ रणकौशला देवी के दर्शन करने के लिए आते हैं।जब भी भक्तगण ब्रहम मुहूर्त में माँ की पूजा-अर्चना करने जाते हैं तो वहां पर पूर्व से ही पुष्प/जल/व पूजा की सामग्री चड़ी हुई मिलती है,कई बार मंदिर के पुजारियो द्वारा इस रहस्य को जानने की कोशिस की तो रात्रि 12 बजे के बाद एक घोड़े पर सवार होकर वीर मलखान अपनी आराध्य माँ रणकौशला देवी की पूजा करने आज भी आते हैं ऐसा मन्दिर के पुजारी महाराज श्री हलधर पंडा का कहना है।नवरात्री की पंचमी और सप्तमी की रात्रि को लोग अपने घर या पूज्य देवी देवताओ के मंदिर से पेंढ भरकर(लेट-लेट कर)जाते हैं वह निश्चित ही अपनी मनोकामनाये पूर्ण करते हैं बताया जाता है कि हजारो की संख्या में लोग भरते हैं पेंढ व माँ के मंदिर में कई जगह उ.प्र व् अन्य जगह के भक्तगड़ भी नबरात्रि की पंचमी और सप्तमी को पेंढ भरकर माँ के दर्शन के लिए आते हैं।माँ का पहला नाम पहला नाम रणकौशला देवी था धीरे-धीरे अवनस्त्र होते होते माँ रणकौशला देवी से माँ रेहकोला देवी हो गया,माँ के नाम से स्पष्ट है रणकौशला का अर्थ होता है÷रण में कौशल अथवा विजय का आशीर्वाद देने वाली जग जननी माँ÷।यहाँ कि एक पुरातन कथा और भी मिलती है कि एक माँ सूक्ष्म शरीर से सतयुग से ही इस भूमि पर निवास करती हैं।क्यों कि भगवान कृष्ण छपार युग अर्जुन को महाभारत प्रवचन से पहले माँ रणकौशला का देवी का आशीर्वाद दिलाने आये थे।यह रणकौशला देवी का मन्दिर अपने आप में बड़ा ही सुंदर व मनोरम है इसके पूर्व में प्राचीन बाबड़ी,पश्चिम,उत्तर में सुंदर आम,अमरुद,महुआ,बेला आदि के सुंदर बाड़ हैं व् दक्षिण में अतिसुन्दर बड़ा तालाब है,वैसे तो हमेशा ही माँ के मंदिर में भक्तो का ताँता(आना-जाना)लगा रहता है लेकिन कुंवार व् चैत्र के नवरात्री में माँ का बड़ा ही भारी मेला लगता है और हड़ारो की तादात में भक्तगण माँ के दर्शन के लिए दूर दूर से आते हैं व माघ शुक्ल 13 को माँ का जन्म उत्सव भी मंदिर परिसर में बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है।भक्तो की माने तो यहाँ पर दिन में माँ के 3 रूपो के दिव्य दर्शन होते हैं जो भी भक्त सच्चे मन से माँ के दरबार में मुराद लेकर आता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।यह माँ रणकौशला देवी का मंदिर भिंड जिले की लहार विधानसभा के दबोह कस्बे से 2 किमी की दूरी पर स्थित है।पुष्पांजली टुडे के सब एडिटर अर्पित गुप्ता से बातचीत के दौरान मंदिर के पुजारी महाराज श्री हलधर पंडा ने माँ की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि माँ रणकौशला देवी का इस प्राचीन मंदिर पर जो भी भक्त पूर्ण श्रद्धा से 9 सोमवार आकर नवदुर्गा के बने 9 चित्रो को देखकर पूर्ण मन से इनके दर्शन कर 9 बार नाम लेकर जप-तप(पाठ) करता है माँ उसकी इच्छा अवश्य ही पूर्ण करती हैं और उसपर हमेशा अपनी कृपा बनाये रखती हैं।

इनका कहना

1-माँ का मंदिर काफी पुराना है और मान्यता हैं कि माँ हर किसी की मुराद पूरी करती हैं।माँ की कृपा से ही आज मैं विधायक हूँ और आप सबके बीच जनसेवक बनकर आज कार्य कर रहा हूँ।

अम्बरीश शर्मा
विधायक लहार

2-माँ की महिमा ही अलग है,माँ के दरबार मे आने से ही मन को अत्यधिक शांति मिलती है और माँ अपने बेटों को हर मनोकामना पूर्ण करती है।

अवधकिशोर गुप्ता(माधोगड़ वाले)

3-यह सच है कि माँ अपने बेटों को कभी निराश नही करती है जब भी मेरे कार्य मे कोई बाधा या परिवार पर कोई भी परेशानी आई माँ के आशीर्वाद से सब दूर हुई।

विकाश दुबे
आबकारी ठेकेदार

10 बालिकाओं का केक काटकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया

Oct 6, 2024, 10:47

औरैया ।मिशन शक्ति फेज-05 के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा शासन के मंसानुरूप तथा जिलाधिकारी डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेन्द्र पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में 100 शैया अस्पताल चिचौली में जन्मी 10 बालिकाओं का केक काटकर तथा उनकी माताओं को एक-एक बेबी किट व फल की टोकरी देकर हर्षोल्लास के साथ कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। अपर जिला अधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी माताओं एवं अन्य लोगों को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा 1090, 181, 102, 108, 1098, 1076 एवं 112 आपातकालीन टोलफ्री नम्बरों की जानकारी प्रदान की गयी जिससे समस्त महिलायें उक्त नम्बरों का समय पर प्रयोग कर सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा बेटो के समान बेटियों को भी समान दर्जा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर उत्पन्न बच्चियों को कन्या सुमंगला के तत्काल फार्म भराने तथा पूरी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार से बताया । उक्त के पश्चात अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में लैंगिक समानता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं द्वारा लैंगिक समानता एवं भेदभाव के विषय पर उनके द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये एवं विचार किया गया कि समाज में फैली इस भेदभाव को दूर करते हुए कैसे समानता लायी जा सकती है, अपर जिलाधिकारी द्वारा लैंगिक समानता के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर अपर चिकित्साधिकारी डॉ0 शिशिरपुरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 100 शैय्या चिकित्सालय चिचौली, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार के समस्त कर्मचारीगण सहित आंगनबाडी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहे।

शासकीय कमला राजा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत मनाया गया मद्य निषेध सप्ताह

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर-ग्वालियर शहर के शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय मे राष्टीय सेवा योजना इकाई अंतर्गत मद्य निषेध सप्ताह 2/10/2024 से 8/10/2024 तक मनाया गया।इसमे अलग अलग

गतिविधियो के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।इस नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत सर्वप्रथम छात्राओने न केवल स्वयं के लिए बल्कि समुदाय,परिवार तथा मित्र परिवार और अपने प्रदेश,देश को नशा मुक्त करने की शपथ ली।मद्य निषेध सप्ताह अंतर्गत निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।साथ ही छात्राओने एक पाती अपनों के नाम अभियान चलाया,इसमें स्वयंसेविकाओ ने महाविद्यालयकी अन्य छात्राओको नशा मुक्ति के लिए जागरुक करने का कार्य किया।सप्ताह समापन पर स्वयं सेविकाओ ने कंपू परिसर मे नशा मुक्ति उद्देश्य से रैली निकाली रैली मे उन्होंनेबीड़ी पीके खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है तथा नशे को छोड़ो, रिश्ते को जोड़ो ऐसे नारे लगाए और मानव श्रृंखला का भी निर्माण किया और आम जनमानस को जागरुक करने का कार्य किया।संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ जयश्री चौहान के संरक्षण मे और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्णा सिंह, डॉ मीना श्रीवास्तव, डॉ संगीता सोमवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। संपूर्ण मद्य निषेध सप्ताह के कार्यक्रममे छात्राओ ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

सार्थक विमेंस वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित शुभारंभ गरबा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

भोपाल।। प्रीमियर ऑर्किड कॉलोनी पुपेल्स मॉल के पास रखा गया । शुभारम्भ गरबा महोत्सव का आयोजन माता जी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित श्री संतोष जी मीणा द्वारा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया कालोनी की माता बहनों एवं छोटी छोटी बच्चियों द्वारा माता के भजनों पर गरबा और डांडिया की भव्य एवं आकर्षित प्रस्तुसी दी। साथ ही परी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती रॉय आदरणीय डॉली आलोक शर्मा एवं भाजपा नेत्री नीतू शर्मा उपस्थित रही कार्यक्रम के अंत मैं अतिथियो द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन दीपक दुबे द्वारा किया गया कार्यक्रम की भव्य सफलता के लिए सार्थक विमेंस वेलफेयर की अध्यक्षा दीपाली तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया अध्यक्षा दीपाली तिवारी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा सेवा समर्पण और सहयोग की भावना के साथ समाज सेवा कार्य के अलावा भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में भी साल के लगभग चार कार्यक्रम किए जाते है । उनके साथ उनकी टीम की उपाध्यक्ष श्रद्धा दुबे , सचिव प्रिया शर्मा ,कोषाआध्यक्ष स्वप्निल दुबे सपना पवार, कीर्ति किरार प्रेरणा शर्मा, बंदना पांडे प्रियंका साहू ,अंजू चौबे ,रुचि कंचन सिंह, रेणु दुबे, रानू शिवहरे, नीतू त्रिपाठी ,सचिन नागर, सतीश परोंचे ,मुकेश सेन के अथक प्रयासों से कार्यक्रम भव्य और सफल रहा

गांधी जयंती पर बच्चों ने निकाली स्वच्छता की रैली

फर्रुखाबाद,शमसाबाद भारती एयरटेल फाउंडेशन के सत्य भारती स्कूल सुल्तानगंज खरेंटा में गांधी जयंती के अवसर पर बच्चों ने स्वच्छता रैली निकालकर समुदाय के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।लोगों को शपथ दिलाई कि वे अपने घर के आसपास साफ सफाई रखेंगे तथा सार्वजनिक स्थानों पर भी कचरा नहीं फेंकेंगे। इस अवसर पर सत्य भारती स्कूल सुल्तानगंज खरेंटा में स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज तोमर एवं कलेस्टर कोऑर्डिनेटर रजीउल्ला खान ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।विद्यालय में कक्षा सफाई प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें कक्षा 5 के बच्चे प्रथम स्थान पर रहे।इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक नाजिर खान तथा अध्यापक गण नसरीन बानो, हर्ष कांत,चेयरमैन, प्रीति यादव एवं रोजी अली का सहयोग रहा।

SOMYA PROPERTIES
सौम्या प्रोपर्टी
ग्वालियर संभाग भोपाल इंदौर धॉलेरा में बल्क लैंड
कृषि भूमि लेने के लिए संपर्क करे
एग्रीकल्चर ज़मीन
(कृषि भूमि)
विपिन तोमर (भिडौसा) 9589539924 9713253992
BOOK NOW 0751- 4093236
पता - कृष्णा प्लाजा, 1ST FLOOR भारत पेट्रोल पम्प के सामने, मुरार रोड, गोले का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.)

सौम्या ग्रुप
सौम्या ग्रुप
हमारी सेवायें
प्रोपर्टी-
प्लोट, मकान, विला, दुकान, शोरूम, खेत
खरीदना व बैचना आदि
निर्माण-
सभी प्रकार के निर्माण कार्य मकान, शोरूम, मल्टी, होटल, फार्महाउस, कोठी, हिंदू मंदिर, जैन मंदिर, गुरुद्वारा इंटीरियर फर्नीचर एवं बिल्डिंग मटेरियल की सेवायें
लोन-
होम लोन, मोर्गेज लोन
बीमा-
जीवन बीमा, हेल्थ इंसोरेंस वाहन बीमा
मो. 9713253992

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478